''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 238 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 13 नवंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

### नवनिर्वाचित विधायकों ने सीखी विधायी कामकाज की बारीकियां

## विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण बोले– जन प्रतिनिधियों की कर्तव्यनिष्ठा से सफल होता लोकतंत्र



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पंद्रहवीं हरियाणा विधान सभा के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए मंगलवार को हरियाणा निवास में प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को विधान सभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण और पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विधानसभा के पूर्व अतिरिक्त सचिव श्री राम नारायण यादव ने भी संबोधित किया। इस सत्र में पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के विशेषज्ञ श्री चक्षु रॉय ने विधायकों को विधायी कामकाज की बारीकियां बताई। भविष्य में प्रशिक्षण का बड़ा कार्यक्रम भी किया जाएगा।

विस अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि संविधान ने जनप्रतिनिधियों को सम्मानजनक स्थान दिया है। विधानमंडलों को सर्वोच्च शक्तियां प्रदान की गई हैं। इनकी कार्यवाहियों पर किसी भी स्तर के न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप नहीं किया जाता। ऐसे में यह व्यवस्था अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का बड़ा आदर्श रूप बनने के साथ-साथ जनता की आवाज का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव, अविश्वास प्रस्ताव आदि के तकनीकी पक्ष जानना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आने वाले बजट सत्र से पहले दो दिन का प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया जाएगा। विशेष रूप से पहली बार चुन कर आए सदस्य तो इसमें भाग लें ही, बल्कि सभी सदस्य इस प्रशिक्षण सत्र में जरूर भाग लें। उन्होंने खासकर नए सदस्यों का आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण को लेकर गंभीरता बरतें। गंभीरता ही सदन को सही दिशा में लेकर जाती है।

कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रशिक्षण सत्र में अपने अनुभव साझा किए और कहा कि पहली बार विधायक बनकर आए सदस्य सत्र में वरिष्ठ विधायकों की बात को ध्यान से सुनें। इससे उनकी जानकारी बढ़ेगी। साथ ही विधानसभा की कार्रवाई के बारे में भी ज्ञान बढ़ेगा तथा जनता के मुद्दों को गंभीरता सदन में उठा पाएंगे। उन्होंने सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए अध्यक्ष की बात मानने व तय समय सीमा का पालन करने जैसी बातें भी बताईं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व सीएम श्री भूपेंद्र सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा कि विधानसभा प्रजातंत्र का सर्वोच्च मंदिर है। सभी सदस्य लाइब्रेरी में समय जरूर बिताएं। विधायक बनना ही काफी नहीं होता, इससे आगे क्या करना है, किस तरह से आमजन की आवाज उठानी है, इस बात का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने विधायकों को शालीनता भरा व्यवहार रखने का आह्वान किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायिका का अंतिम लक्ष्य लोक कल्याण है। लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन कैसे करते हैं। लोग अपेक्षा करते हैं कि उनके प्रतिनिधि उनके अधिकारों की रक्षा करते हुए विकास को रफ्तार देंगे। संसदीय लोकतंत्र को व्यावहारिक रूप से सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों की कर्तव्यनिष्ठा बहुत मायने रखती है। विस अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि सभी विधायक जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के विशेषज्ञ श्री चक्षु राय ने कहा कि हरियाणा की समृद्धि और विकास में विधायिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सदन में विधायकों के आचरण से ही इसकी गरिमा बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जन कल्याण के विषयों पर सार्थक चर्चा से विधायक अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभा सकते हैं। उन्होंने सदन को सुचारू रूप से चलाने के अनेक टिप्स भी विधायकों के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि आलोचना विचारों की होनी चाहिए, व्यक्तियों की नहीं।

सत्र से पहले लिया तैयारियों का जायजा-विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण ने बुधवार 13 नवंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के तीन दिवसीय सत्र से पहले मंगलवार को विधानसभा परिसर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सीआईडी चीफ श्री आलोक मित्तल के साथ सुरक्षा मानकों पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश जारी किए। इस बीच श्री आलोक मित्तल ने सुरक्षा संबंधी किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## भगत सिंह के ऊपर गलत टिप्पणी पर भारत सरकार और पंजाब सरकार आपत्ति दर्ज कराए : यादवेन्द्र सिंह सन्धू

**शहीद भगतसिंह बिग्रेड ने पाकिस्तान के सहायक महाधिवक्ता के बयान की कड़ी निंदा की**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** शहीद भगतसिंह बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शहीद ए आजम भगत सिंह के पौत्र यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने पाकिस्तान के सहायक महाधिवक्ता अशगर लेघाड़ी और कमोडोर(सेवानिवृत) तारिक मजीद द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद ए आजम भगत सिंह जी के ऊपर की गई गलत टिप्पणी जिसमें उन्होंने कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह आतंकवादी थे की कड़े शब्दों में निंदा की है। यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने कहा इस टिपणी से भारत के लोगों में आक्रोश है। उन्होनें कि नीम हकीम खतरा ए जान जिसका मतलब है कि डॉक्टर का अधूरा ज्ञान रखने वाला व्यक्ति आपकी जान खतरे में भी डाल सकता है यह कहावत सच होती हुई दिखाई देती है पाकिस्तान में एडवोकेट जनरल अशगर लेघाड़ी और कमोडोर(सेवानिवृत) तारिक मजीद के ऊपर यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने कहा कि इतना ही नहीं उन्होनें यहां तक कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह मुसलमान के प्रति शत्रुता रखने वाले धार्मिक नेताओं से प्रभावित थे। शायद उन्हें यह नहीं पता कि भगत सिंह जी के साथ आजादी की लड़ाई में बहुत सारे मुसलमान भी शामिल थे जिसमें हमें अशफ़ाकउल्ला खान जैसे ना जाने कितने शहीद देखने को मिलतै है। मेरे हिसाब से पाकिस्तान के अधिकारियों को यह सोचना चांहिए अग्रंजों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी जा रही भी अंग्रेजों के शोषण के खिलाफ वह गलत थी क्या। कौन सा आतंकवादी ऐसा करता है। भगत सिंह जी का तो पूरा जीवन हमें प्रेरणा देता है भाईचारे की मिसाल देता है और वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जिस पर कोई ना कोई धर्म न जानी ना और कोई बात है बात लागू होती है उनके त्याग और बलिदान के आगे। यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने कहा कि मुझे आशा है कि भारत सरकार और पंजाब सरकार भी इस पर आपतति दर्ज कराएगा खासतौर हमारा गृह मंत्रालय और भारतवासियों की भावनाओं को आहत करने वालों के ऊपर कड़ी कारवाई कारवाई की मांग करेगा। उन्होनें कहा कि मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान के हुकमरानों को अपनी गलती का एहसास जल्दी होगा और वे लाहौर के शादमान चौक पर जल्दी ही शहीद ए आजम भगत सिंह जी की मूर्ति स्थापना करेगें। उन्होनें कहा कि हम चाहते हैं कि दक्षिण एशिया के अंदर भारत और पाकिस्तान के हालात अच्छे हो तो उसको बेहतर करने के लिए हमारा इतिहास हमारी संस्कृति एक सबसे बड़ा कारगर माध्यम है। इस तरह की टिप्पणी और बयान को देखकर तो ऐसा लगता है कि ऐसी कुछ शक्तियां है जो नहीं चाहती कि हिंदुस्तान पाकिस्तान में अमन हो भाईचारा हो।

### अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का संदेश

## डीजीपी ने अपराध नियंत्रण तथा जन समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अपराधियों पर की जाए पूरी सख्ती, डीजीपी ने दिए निर्देश ताकि आमजन निर्भय होकर करें जीवन व्यतीत**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराध नियंत्रण का सबसे सरल उपाय हैं कि इसके घटित होने से पहले ही रोकथाम (प्रिवेंशन) के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए। प्रिवेंशन को लेकर हरियाणा पुलिस की तैयारी बेहतरीन होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारी फील्ड में निकलें और अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस कर्मचारियों की ब्रीफिंग करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें तथा आमजन के प्रति सहानुभूति तथा संवेदनशीलता का भाव रखें। पुलिस महानिदेशक वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। यह बैठक पुलिस मुख्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में अपराध नियंत्रण सहित आमजन की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने को लेकर कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के पुलिस आयुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों ने भी भाग लिया।

**अपराधियों पर सख्ती हो ताकि निर्भय होकर रहे आमजन**

उन्होंने कहा कि अधिकारी डाउन द लाइन यह मैसेज बहुत ही साफ ओर स्पष्ट पहुचाएं कि अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करनी है। अपराधी पकड़ा जाए तो उससे कानून सम्मत सख्ती से पेश आना है और यदि वह वारदात के बाद फरार है तो उसे जल्दी से जल्दी गिरफ्तार करना है। इसके साथ ही आपराधिक प्रवृतति के लोगों पर भी नजर रखनी है कि वह कब, कहां और क्या कर रहे हैं और सुनिश्चित करें कि वे दोबारा अपराध न करें। उन्होंने कहा कि नए कानून में अपराधियों की प्रॉपर्टी को भी अटैच करने का प्रावधान है ऐसे में अधिकारी नियम अनुसार उन पर कार्रवाई करें।

**क्षमता निर्माण, क्षमता पहचान, उत्कृष्ट परिणाम**

इसके साथ ही श्री कपूर ने क्षमता निर्माण को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने जिलों में अलग-अलग बैच बनाकर पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण करवाते रहें और यह कार्य लगातार चलते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन बैच में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को सूचीबद्ध करे और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपे। उन्होंने कहा कि हमें पुलिसकर्मियों की क्षमता को पहचानना है और उसी अनुरूप उनसे काम लेना है, इसलिए अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों को पहचाने और उनकी लिस्ट तैयार करें। श्री कपूर ने कहा कि अधिकारी पुलिसकर्मियों की कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए तैयार किए गए आकलन पत्र के मुताबिक पुलिसकर्मियों के कार्य की समीक्षा लगातार करें। यूनिट इंचार्ज हर महीने पुलिसकर्मियों के कार्य का आकलन करें और उनका मार्गदर्शन करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाएं और औसत कर्मियों की जवाब देही तय करें।

**शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई**

श्री कपूर ने कहा कि पुलिस अधिकारी आमजन की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने के लिए सार्थक प्रयास करें ताकि आम आदमी निर्भर होकर अपनी शिकायत पुलिस को दे और संबंधित पुलिस अधिकारी का भी कर्तव्य है कि व्यक्ति की शिकायत पर नियमानुसार तथा तत्परता से कार्यवाही करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्राप्त शिकायत की रसीद शिकायतकर्ता को जरूर दें और उसका समयबद्ध तरीके से निपटारा करें। साथ ही की गई कार्यवाही के बारे में शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य ले कि वह पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट है अथवा नहीं और यदि नहीं तो उससे असंतुष्टि का कारण पूछे। पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध शाखा श्रीमती ममता सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था संजय कुमार, पुलिस आयुक्त पंचकूला राकेश कुमार आर्य, एआईजी प्रोविजनिंग कमलदीप गोयल, एआईजी एडमिन हिमांशु गर्ग सहित कई अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## हरियाणा में 2 लाख गरीब लोगों के अपने घर का सपना जल्द होगा साकार



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 2 लाख लोगों के अपने घर का सपना जल्द साकार होने वाला है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की सरकार योजना का खाका तैयार कर रही है। योजना के तहत जमीन से वंचित योग्य प्रार्थियों को गांवों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाएंगे। इस संबंध में हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के महानिदेशक श्री जे गणेशन ने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का उद्देश्य प्रदेश में गरीब परिवारों, जिनके पास अपना घर नहीं हैं, उन्हें आवास हेतु प्लॉट प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से ऐसे परिवारों को लाभ प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपना खुद का घर बना सकें। योजना के धरातल पर क्रियान्वयन से गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार होगा और वे अपना घर बनाकर सुरक्षित व सम्मानित जीवन जी सकेंगे। श्री जे गणेशन ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की फ्लैगशिप योजना है, इसलिए इस योजना के तहत सभी प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि आमजन को इसका लाभ त्वरित मिल सके।

उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल भी उपस्थित थे। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए थे कि जहां यह 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे, उन कॉलोनियों में शहरों की तर्ज पर सभी बुनियादी सुविधाएं जैसे पक्की सड़कें, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, पार्क और ओपन ग्रीन स्पेस जैसी सभी भौतिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इतना ही नहीं, 100-100 वर्ग गज के प्लॉट पर लाभार्थियों को मकान बनाने में किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसके लिए भी सरकार ने प्रावधान किया है, जिसके अंतर्गत लाभार्थियों को घर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्रदेश में 5 लाख लोगों ने प्लॉट के लिए आवेदन किया था। इन सभी योग्य लाभार्थियों को अलग-अलग चरणों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाएंगे। इसी कड़ी में जल्द 2 लाख लोगों को मुख्यमंत्री सौगात देंगे।

## ढाई लाख से ज्यादा नए सदस्यों को जोड़ने का बनायेंगे रिकॉर्ड : राजकुमार वोहरा

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली का फरीदाबाद में प्रवास कार्यक्रम आज



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के कार्य में जुटी हुई है। अब प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली प्रदेश में जिलेवार प्रवास करेंगे और सदस्यता अभियान को धार देंगे। 13 नवंबर से प्रदेश अध्यक्ष का नूंह जिले से प्रवास शुरू होगा और 21 नवंबर तक चलेगा, इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रवास प्रमुख भी मौजूद रहेंगे। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के मुताबिक फरीदाबाद में 13 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली का प्रवास कार्यक्रम 4.30 बजे होगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रवास कार्यक्रम प्रमुख गोपाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के अनुसार 13 नवंबर को ही प्रदेश अध्यक्ष प्रात: 10 बजे नूंह व 2 बजे पलवल जिला से प्रवास करेंगे। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के प्रवास कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे जिसमें जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिला सदस्यता टोली, मंडल सदस्यता टोली, शक्ति केंद्र प्रमुख, शक्ति केंद्र सदस्यता प्रमुख उपसथित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना थके, बिना रूके कर रहे हैं प्रदेश की सेवा : वोहरा

**भाजपा की प्राथमिक सदस्यता का किया नवीनीकरण, क्यूआर कोड किया जारी**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया और फरीदाबाद जिले के लोगों से भाजपा से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक तौर पर बहुत मजबूत हुआ है और देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हैं । जनता का पीएम मोदी और भाजपा के प्रति विश्वास और स्नेह का परिणाम है कि केंद्र और राज्य में लगातार 3 बार भाजपा की सरकार बनी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना थके, बिना रूके प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने पिछले 10 सालों में युवाओं, गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं का विकास कर उनको मजबूत करने का कार्य किया है।

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर मंगलवार फरीदाबाद के जिला पार्टी कार्यालय ''अटलकमल'' में भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में भाजपा जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने अपनी प्राथमिक सदस्यता का नवीनीकरण किया और रेफरल कोड के साथ अपना लिंक और क्यूआर कोड भी जारी किया। श्री वोहरा ने सदस्यता अभियान के अभी तक हुए कार्य की समीक्षा की । बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने और फरीदाबाद जिले में 2.5 लाख सदस्यों के टारगेट को जल्दी से जल्दी पूरा करने पर विचार-विमर्श हुआ। सदस्यता अभियान को गति देने और सदस्यता अभियान की मोनिटरिंग करने के लिए विधानसभाओं में विधानसभा संयोजक, सह संयोजक और आई टी प्रमुखों तय किये गए। तिगांव विधानसभा में अनिल नागर को संयोजक एवं विनोद गुप्ता को सह संयोजक, फरीदाबाद विधानसभा में पंकज सिंगला को संयोजक एवं मुकेश अग्रवाल को सह संयोजक, बडखल विधानसभा में पंकज रामपाल को संयोजक एवं हरेन्द्र भडाना को सह संयोजक, बल्लभगढ़ विधानसभा में मनोज वशिष्ठ को संयोजक एवं लखमी चंद भारद्वाज को सह संयोजक, एन आई टी विधानसभा में वजीर सिंह डागर को संयोजक एवं राजेश डागर को सह संयोजक और पृथला विधानसभा में सुनीता बघेल को संयोजक एवं योगेश तेवतिया को सह संयोजक नियुक्त किया गया।

श्री वोहरा ने कहा कि फरीदाबाद जिले में सदस्यता अभियान को अपार सफलता मिल रही है, हजारों लोग हर रोज भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं । हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम 2.5 लाख से अधिक सदस्य बनाने का रिकार्ड बनाएंगे। श्री वोहरा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी कार्यकर्त्ता फरीदाबाद लोकसभा के ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्यता अभियान के साथ जोड़कर पार्टी की विचारधारा के साथ जोड़कर पार्टी का सदस्य बनायें और संगठन को मजबूत करें।

बैठक में जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, पंकज सिंगला, वजीर सिंह डागर, पंकज रामपाल, लक्ष्मण तंवर, जिला सचिव सुनीता बघेल, पंकज सिवाल, मुकेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, राज मदान, समीर टंडन, सचेत जैन, मोर्चों के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, राजबाला सरदाना, गौरव चौहान, जेजू ठाकुर, फहीम अहमद, मंडल अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्त्ता उपसथित रहे ।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# रात में 2 घंटे की गहरी नींद है आपके लिए बेहद जरूरी, इसी दौरान होती है मस्तिष्क की 'सफाई'



आपकी कुल नींद का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गहरी नींद होना चाहिए। गहरी नींद आपको दिमागी चिंता, तनाव आदि से छुटकारा दिलाती है और दिमाग में भरी 'फालतू' की यादों और बातों को भुलाने में मदद करती है।

दुनियाभर में लोग नींद की कमी से जूझ रहे हैं। देर रात तक जागने और जरूरत से कम नींद लेने के कारण लोगों में मानसिक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। हमारे शरीर और स्वास्थ्य के लिए 24 घंटे में से कम से कम 7-8 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। दरअसल हमारा शरीर एक प्रकार की मशीन है, जिसके लिए लगातार काम करना संभव नहीं है। नींद द्वारा शरीर की मांसपेशियां रिचार्ज होती हैं और दोबारा काम करने के लिए तैयार होती हैं।

आपको रोजाना कितनी नींद लेनी चाहिए, नींद का आपकी सेहत पर क्या प्रभाव पड़ता है और नींद कैसी होनी चाहिए- इन विषयों पर आए दिन वैज्ञानिक शोध होते रहते हैं। इसका कारण यह है कि इन दिनों युवाओं में नींद की कमी एक बड़ी समस्या है।

## कितनी गहरी नींद है जरूरी?

आमतौर पर जब हम रात में सोते हैं, तो कुछ समय गहरी नींद में होते हैं, जिसे डीप स्लीप (Deep Sleep) कहा जाता है और कुछ समय उथली या हल्की नींद में होते हैं, जिसे लाइट स्लीप (Light Sleep) कहा जाता है। न्यू हेल्थ एडवाइजर पर छपी एक रिपोर्ट के अनुसार 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को रोजाना रात में अपनी कुल नींद का लगभग 20प्रतिशत हिस्सा गहरी नींद लेना चाहिए। लेख के अनुसार वयस्कों के लिए कम से कम 1.5 से 1.8 घंटे (लगभग 2 घंटे) की गहरी नींद बेहद जरूरी है।

## गहरी नींद से कम होता है तनाव

हाल में ही नेचर ह्यूमन बिहैवियर नाम की जर्नल में एक रिसर्च छापी गई, जिसमें बताया गया कि गहरी नींद आपको हर तरह के तनाव से छुटकारा दिलाने में बहुत कारगर है। इस रिसर्च के अनुसार अगर आप रात में ठीक ढंग से नहीं सो पाते हैं, तो आपके तनाव की समस्या 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। रिसर्च के अनुसार आप जितना ज्यादा गहरी नींद सोएंगे, उतना ही आपका मस्तिष्क स्वस्थ रहेगा और आप उठने के बाद फ्रेश महसूस करेंगे। ये रिसर्च यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के साइकोलॉजी (न्यूरोसाइंस) विभाग के प्रोफेसर मैथ्यू वॉकर ने लिखा है।

## क्या कहते हैं हेल्थ एक्सर्ट?

सिद्धार्थ नगर के मेडिकल ऑफिसर और मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर राम आशीष बताते हैं कि वयस्कों के लिए 7-9 घंटे की नींद बहुत जरूरी है, जबकि बच्चों के लिए 9 से 11 घंटे सोना जरूरी है। मगर आजकल स्मार्टफोन, टीवी और सोशल मीडिया में बिजी रहने के कारण लोग पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं। इसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा पड़ रहा है। नई उम्र के बच्चे-बच्चियां जब मेरे पास डिप्रेशन, तनाव की समस्या लेकर आते हैं, तो सबसे पहले मैं उनकी नींद के बारे में पूछता हूं। ज्यादातर मामलों में यही सुनने को मिलता है कि वे पर्याप्त नींद नहीं ले रहे हैं। दरअसल नींद के दौरान पूरा शरीर एक तरह से रिस्टोर (Restore) होता है और दिनभर काम कर रहे अंगों को थोड़ा आराम का मौका मिलता है। अगर कोई व्यक्ति कम सोता है, तो उसका दिमाग पूरी तरह रिस्टोर नहीं हो पाता है। इसके साथ ही डॉ. आशीष ने बताया कि लंबे समय तक नींद की कमी से मोटापे, याददाश्त में कमी, देर रात तक जागने वालों में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा होता है। नींद आपके सैकड़ों रोगों का एक आसान सा इलाज है। इसलिए नींद से समझौता नहीं करना चाहिए। अगर आपको नींद आने में समस्या हो रही है या कोशिश के बाद भी आपको जल्दी नींद नहीं आती है, तो डॉक्टर से मिलें और उचित सलाह लें, मगर इसे नजरअंदाज न करें।

## नींद करती है फालतू की बातें भुलाने में मदद

पिछले दिनों आई एक अन्य रिसर्च में भी कुछ इसी तरह की बात का जिक्र किया गया है। इस रिसर्च में वैज्ञानिकों ने बताया है कि अगर आप रात में गहरी नींद सोते हैं, तो इससे दिनभर में हुई अनावश्यक बातों और घटनाओं को भुलाने में आपको मदद मिलती है। दिमाग के लिए जो चीजें फालतू होती हैं, दिमाग नींद के दौरान उन्हें मस्तिष्क से हटा देता है। इस तरह अगले दिन सोकर उठने के बाद आपके पास सिर्फ उन्हीं जानकारियों और चीजों की याद बचती है, जो आपके लिए जरूरी होती हैं। ये रिसर्च 'साइंस' पत्रिका के इसी माह के अंक में छापी गई है।

## विटामिन डी की कमी बुढ़ापे में बना सकती है लाचार



आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपके भोजन में विटामिन डी पर्याप्त मात्रा में हो अन्यथा उम्र बढ़ने के साथ ही आपकी सोचने समझने की क्षमता कम होती जाएगी।

शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन के दौरान पाया जो लोग कम मात्रा में विटामिन डी लेते हैं उनकी उम्र बढ़ने पर सोचने, सीखने या याद रखने की क्षमता कम हो जाती है। यह अध्ययन आर्काइव्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है।

शोधकर्ताओं के अनुसार, विटामिन डी की तंत्रिका कोशिकाओं के निर्माण में अहम भूमिका होती है। तंत्रिका कोशिकाओं का निर्माण कर विटामिन डी मस्तिष्क के उत्तकों के क्षरण को रोकता है। इसके अलावा, विटामिन डी शरीर में कैल्शियम के स्तर को बनाए रखता है तथा अल्जाइमर से संबद्ध पदार्थ बीटा अमीलॉयड को हटाता है।

डेविड जे लेवेल्लयन की अगुवाई में एक्जीटर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के दल ने 65 वर्ष से अधिक उम्र के 858 लोगों पर यह अध्ययन किया है।

## रेसिपी

### सूपी पास्ता



#### सामग्री

■ पास्ता: 1 कटोरी उबला हुआ ■ प्याज: 1 छोटे टुकड़ों में कटे हुए ■ टमाटर : 1 बारीक कटा हुआ ■ गाजर: 1/4 कप ■ शिमला मिर्च: 1 चौथाई कप ■ मशरूम: 2 बारीक कटी ■ पत्ता गोभी: 1/2 कप ■ पास्ता पिजा सॉस: 2 टेबलस्पून ■ हरा धनिया बारीक कटा ■ काली मिर्च पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ कॉर्न फ्लोर: 1 टेबलस्पून ■ बटर: 2 टेबलस्पून

#### विधि

एक पैन में बटर डालकर गर्म करें। अब इसमें लहसुन डालकर 30 सेकंड तक भूनें, फिर इसमें प्याज डालकर एक मिनट चलाते हुए फ्राई कर लें। गोल्डेन ब्राउन होने पर सारी सब्जियों को पैन में चलाते हुए मीडियम आंच पर पकाएं। थोड़ा सा नमक और तकरीबन 1/2 लीटर पानी डाल दें। अब इसमें पिज्जा सॉस डालें। पानी में अच्छी तरह मिक्स हो जाने के बाद इसमें उबला हुआ पास्ता डालकर अच्छे से मिला लें। 2-3 मिनट उबलने के बाद इसमें काली मिर्च पाउडर डाल दें। कॉर्न फ्लोर मे पानी डालकर इसका घोल बनाएं और इस घोल को पास्ते में डालकर मिलाएं। मीडियम आंच पर 2 मिनट और पकाएं। तैयार है आपका टेस्टी सूपी पास्ता।

### अचारी मठरी



#### सामग्री

■ मैदा: 2कप ■ मेथी दाना: 1/4 टीस्पून ■ पीली राई पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ सौंफ पाउडर: 1 छोटा टीस्पून ■ धनिया पाउडर: 1 छोटा टीस्पून ■ अदरक पेस्ट: 1/2 टीस्पून ■ जीरा: 1/2 टीस्पून ■ हींग: 1/4 टीस्पून ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ अमचूर पाउडर: डेढ़ टीस्पून ■ काली मिर्च पाउडर: 1/4 टीस्पून ■ लाल मिर्च पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ अजवाइन: 1/2 टीस्पून ■ तेल: 2 टेबलस्पून ■ नींबू का रस: 2 टीस्पून ■ सरसों का तेल: 1/2 कप ■ बेसन: आधा कप (भूना हुआ) ■ रिफाइंड ऑयल: तलने के लिए

#### विधि

एक बाउल में मैदा, नमक, अजवाइन और तेल डालकर सख्त आटा गूंथ लें। फिर ढंककर 20 मिनट रख दें। मसाले के लिए पैन में 1 टेबलस्पून तेल गर्म करें। इसमें हींग, जीरा पाउडर, हल्दी, मेथी पाउडर, अदरक का पेस्ट डालकर भून लें। फिर इसमें धनिया, सौंफ पाउडर, राई का पाउडर, काली मिर्च पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर और नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें और धीमी आंच पर एक मिनट भून लें। फिर इसमें बेसन और नींबू का रस मिक्स कर लें। आटे को हल्का मसल लें और छोटी लोइयां बनाकर दो इंच मोटा बेल लें। इसके ऊपर आधा टी-स्पून मसाला रखें और चारों ओर से बंद कर दें और हल्का सा बेल लें। इसके दोनों ओर फोर्क से छेदकर कर दें। कढ़ाई में तेल गरम करें। तेल जब मीडियम गरम हो जाए, तब इसमें मठरी डालें और धीमी आंच पर दोनों ओर से गोल्डन ब्राउन होने तक सेंक लें। इन्हें चाय के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## काकुरो पहेली - 3349




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**




### काकुरो - 3348 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बार अध्यापक जी अपने एक छात्र सुनील के घर गए. सुनील ने अपने अध्यापक जी का स्वागत किया. अध्यापक जी को खीर खाने को दिया. अध्यापक जी जब खीर खा रहे थे तभी सुनील की मां वहां आयी. अध्यापक जी को खीर खाते देख वह हैरान होकर सुनील से पूछीं-बेटा, सुनील, तुमने यह खीर अध्यापक जी को खाने क्यों दिया? इसे तो रात बिल्ली चाट रही थी. यह सुनकर अध्यापक जी ने खीर का वह कटोरा फेंक दिया. सुनील फौरन अध्यापक जी से बोला-अध्यापक जी, आपने वह कटोरा क्यों फेंक दिया? अब मेरा कुत्ता किस कटोरे में खाएगा?

□ □ □

विज्ञान की कक्षा में शिक्षक कह रहा था, 'बच्चों, विज्ञान में बहुत शक्ति है पर इतनी नहीं कि एक जीव को दूसरे में बदल दे........'

'पर सर,' एक लड़के ने धीरे से उसकी बात काटी, 'वह शक्ति आप में तो है.'

'क्या बक रहा है तू?' शिक्षक बड़बड़ाया.


'सच ही तो कह रहा हूं-आप जब चाहते हैं, तब हमें मुर्गा बना देते हैं.'

□ □ □

बीवी ने मियाँ से पूछा, 'क्यों जी, ऐसी कौन-सी वस्तु है जो पुरुषों को पसंद है और महिलाओं को नहीं ?'

मियाँ डरते-डरते, 'खामोशी.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3349



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'ऑखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

### फिल्म वर्ग पहेली- 3348

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | रू | द | | र | | का | ला | पा | नी |
| बु | | श | व | ण | श | ज | | प | |
| ल | की | र | | भू | | ल | क्ष्य | | ह |
| | म | | दा | मि | नी | | | खे | ल |
| जी | त | | मा | | य | ती | म | | च |
| वा | | कु | द | र | त | | हा | सि | ल |
| | मि | ली | | ज | | जी | न | त | |
| जीं | स | | सु | नी | ल | | | म | न |
| | मे | ला | | गं | | | जा | | सी |
| नू | री | | अं | धा | का | नू | न | | ब |

## सूडोकु -3349

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3348 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 3349



**बाएँ से दाएँ**

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी -2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली -3348 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ती | म | खा | ना | | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | | हा | | ना | ह | क | | र | म |
| हा | | ना | न | सें | स | | र | मा | | जा |
| नी | र | व | ता | | सु | र | | न | म | न |
| का | | खे | | अ | र | क्त | | | सी | |
| र | वा | ना | हो | ना | | पा | ल | न | हा | र |
| | ह | | | चा | ह | त | | का | | च |
| का | न | न | | र | म | | ब | र | सा | ना |
| म | | र | ज | | स | का | र | ना | | का |
| धा | र | | खि | ला | फ | | स | | भो | र |
| म | स | ख | रा | | र | म | ता | जो | गी | |

# समाधान शिविर से नागरिकों का शासन–प्रशासन के प्रति बढ़ रहा है विश्वास : डीसी

**आज मंगलवार को प्राप्त हुई 14 शिकायतें, ज्यादातर शिकायतों का मौके पर हुआ समाधान**



**समाचार गेट/कृष्णा शर्मा**

**फरीदाबाद।** नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर समस्याओं के समाधान में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज मंगलवार को नगर निगम के तीनों ज़ोन के कार्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्र के तीनों ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालयों में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से ज्यादातर शिकायतों का मौके पर समाधान करवाया गया। अधिकारियों ने कहा कि शेष आवेदनों पर कुछ औपचारिकताएं पूरी होते ही समाधान हो जाएगा। शिविर के दौरान अतिक्रमण, प्रॉपर्टी आईडी, स्ट्रीट लाइट, बिल्डिंग प्लान आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही करते हुए नागरिकों को राहत दी गई।

डीसी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान शिविर से नागरिकों का शासन–प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का एक ओर जहां मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। वहीं प्रॉपर्टी आईडी आदि से जुड़ी त्रुटियों को यथाशीघ्र दुरुस्त कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक समाधान शिविर में पहुंची शिकायतों में से अधिकतर का समाधान किया जा चुका है।

# श्री महावीर मंदिर महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ तुलसी विवाह

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट (रजि0) फरीदाबाद (प्राचीन हनुमान मंदिर) द्वारा श्री महावीर मंदिर महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद में बड़े धूमधाम से संपन्न कराया गया तुलसी विवाह। इससे पहले टेकचन्द नन्द्राजोग (टोनी पहलवान), सतपाल चौधरी, धर्मवीर चौधरी, चरणसिह सैनी, पंडित ओमकार शास्ती, पिन्टू, सैनी, योगेश चावला, कमल नन्दाजोग, केडी शर्मा, अनिल वर्मा, एडवोकेट अनिल गुप्ता, सुनील कुमार, पवन अरोड़ा, बोधराज, लेखराज गंभीर, प्रेमवीर सिह, टीटू मटके वाला (प्रमोद मल्होत्रा) व गुरूद्वारा महावीर नगर महिला मंडल द्वारा बारात निकाली गई जो पूरे महावीर नगर घूमते हुए वापिस मंदिर में पहुंची जहां बारात का भव्य स्वागत किया गया।



फिर शालीग्राम ठाकुर जी व तुलसी महारानी जी का विवाह सात फेरों से पूरे विधि विधान से सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग (टोनी पहलवान) व अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में करवाया गया। इस मौके पर सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग (टोनी पहलवान) ने कहा तुलसी विवाह हिन्दू धर्म के अनुयायीयों द्वारा किया जाने वाला एक औपचारिक विवाह कार्यक्रम है जिसमें तुलसी नामक पौधे का विवाह शालीग्राम अथवा विष्णु अथवा उनके अवतार कृष्ण के साथ किया जाता है।

यह विशेष दिन विष्णुजी,मां लक्ष्मी और तुलसी माता की पूजा के लिए समर्पित माना जाता है। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने वरदान दिया था कि जो मनुष्य मेरे शालिग्राम रूप के साथ का तुलसी का विवाह करेगा उसे इस लोक परलोक में विपुल यश प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के अंत में सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग(टोनी पहलवान) ने सभी को बधाई दी और धन्यवाद किया। तदुपरांत का प्रशाद वितरित किया गया।

# नशे पर प्रहार- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का जागरूक संचार

## नशे को कहें न और जीवन को कहें हाँ

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**करनाल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज करनाल स्थित आईसीएआर–एनडीआरआई, करनाल में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीम्ड यूनिवर्सिटी के कुलसचिव बिशंबर दयाल फंसल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी करनाल के सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे हुए थे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव कुलबीर सिंह मलिक ने विद्यार्थियों को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यों बारे बताया और कहा कि यह संस्था जन कल्याण के लिए है। उन्होंने इंजेक्टिवे ड्रग यूज़र्स पर चर्चा करते हुए कहा कि किस प्रकार यह युवाओं




में एक भयानक समस्या बन गयी है और अनेक रोगों से युवा पीड़ित हो रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे को हम दो भागों में बाँट सकते हैं। प्रतिबंधित और चेतावनियुक्त। यद्यपि दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के लिए घातक हैं तो भी प्रतिबंधित नशा रखना सेवन करना क्रय विक्रय करना और ऐसे किसी कार्य में सहायता करना पूर्ण रूप से दंडनीय अपराध हैं। उन्होंने एनडीपीएस अधिनियम बारे विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि भारत में वर्ष 1985 से प्रतिबंधित नशों पर लगाम लगाईं गयी है। भारत में नशा ईरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, लाओस, बर्मा, नाईजेरिया, म्यांमार और चीन आदि देशों से आ रहा है और हमारे देश की सीमाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं लेकिन फिर भी कुछ नशा पहुँच ही जाता है। भारत सरकार इस क्षेत्र में कड़े संज्ञान ले रही है। हरियाणा सरकार नशा मुक्त हरियाणा अभियान को बहुत ही गंभीरता से ले रही है। हरियाणा पुलिस और ब्यूरो द्वारा 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5460 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है इस वर्ष 3 नवंबर 2024 तक 2831 अभियोग अभियोग अंकित कर 4178 नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है। लेकिन यह सत्य है कि केवल पकड़ने मात्र से नशा मुक्त अभियान सफल नहीं हो सकता। इसके लिए जागरूकता भी आवश्यक है। डॉ. वर्मा ने कविता, गीत और लोकोक्तियों के माध्यम से भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी। कार्यक्रम में आईसीएआर–एनडीआरआई, करनाल बी.टेक. और एम.टेक./एम.एससी. कार्यक्रम 2024–25 के छात्रों ने भाग लिया। डीम्ड यूनिवर्सिटी के कुलसचिव बिशंबर दयाल फंसल ने वक्ताओं का आभार व्यक्त किया और पौधे जड़ित गमले देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय सत्र रहा है और वे भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करवाते रहेंगे।

# जेब काटने के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त, अपराध, मकसूद अहमद द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर–पकड़ के दिए गए दिशा–निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा उंचा गांव की टीम ने जेब काटने व चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया गिरफ्तार आरोपी बीरू मूल रुप से गांव पिंगोड पलवल का रहने वाला है और अब गांव झाडसेंतली सेक्टर–58 में रह रहा है। जिसको अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से




बल्लबगढ़ बिसमिल्ला होटल के पास से काबू किया है। पूछताछ में बताया कि उसने 01 मई को NIT–5 नम्बर SBI बैंक में एक व्यक्ति के जेब से 32000/–रु निकाले थे। जिसका थाना NIT में अभियोग दर्ज है। बीरु से पूछताछ में 2000/–रु बरामद हुए है। आरोपी से पूछताछ में एक अन्य सौलर पैनल चोरी मामले का खुलासा हुआ जिसमें पूछताछ में बताया कि माह अक्टूबर में उसने गांव चांदपुर के खेतो से सौलर प्लेट चोरी की थी, सौलर प्लेट को किसी अनजान व्यक्ति को 5000/–रु में बेच दिया। आरोपी ने चोरी की प्लेट को बेचने से प्राप्त किए गए रुपए में से 2500/–रु बरामद कराएं है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# असलाह सप्लाई करने वाले आरोपी को अपराध शाखा ने किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की धर–पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर–56 की टीम ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया आरोपी बादल को 16 सितम्बर को गिरफ्तार किया गया था जिससे देसी कट्टा बरामद किया गया था। जिसका मुकदमा थाना खेडीपुल में दर्ज किया गया। बादल ने पूछताछ में बताया कि उसने अवैध हथियार हरदिल से लिए था। जिस पर अपराध शाखा टीम ने हरदिल निवासी गाँव धाँसू जिला हाथरस उत्तर प्रदेश हाल गाँव भूपानी जो थाना सेक्टर–17 के एक लूट के मामले में जेल में बन्द है, जिसको पुलिस प्रोडक्शन पर लिया गया, पूछताछ में आरोपी ने बतलाया कि वह देसी कट्टा को मथुरा वृदावन रोड में किसी अनजान व्यक्ति से 8000/–रु में खरीदा कर लाया था और अपने दोस्त को बादल को कट्टा दे दिया था। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# 16 तारीख को मनाया जाएगा श्याम संकीर्तन महोत्सव

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** श्री श्याम बाबा सेवा ट्रस्ट( रजि.) द्वारा 16 नवंबर 2024 शनिवार को शाम 6:00 बजे से 27वां विशाल श्री श्याम सकीर्तन महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा।यह जानकारी ट्रस्ट के प्रधान सेवादार दिनेश देशवाल ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम से एक दिन पहले शुक्रवार 15 नवंबर को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी यह निशान यात्रा खाटू श्याम मंदिर सेक्टर 3 बल्लभगढ़ से शुरू होकर में बाजार होते हुए कीर्तन स्थल तक पहुंचेगी उन्होंने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में शुभ आशीर्वाद श्यामलीन माताजी श्रीमती सावित्रीबाई जी व श्यामलीन श्री कृष्णा बाबा जी का होगा। इस कार्यक्रम में पावन सानिध्य श्री श्याम भैया जी ग्वालियर वाले और श्री राहुल शर्मा जी श्री दरबार फरीदाबाद वालों का होगा इस कार्यक्रम में सुंदर वी मधुर व सुंदर सुंदर भजनों का गुणगान उमा लहरी जयपुर, नितिन श्याम



दीवाना बल्लभगढ़,मनीष श्याम लाडला फरीदाबाद, नरेश सैनी गुरुग्राम द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भव्य तलवार अलौकिक श्रृंगार बाबा की अखंड ज्योति और श्याम बाबा के छप्पन भोग श्याम प्रेमियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# चोरी के वाहन के पार्ट खरीदने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार, 5000/-रु नगद बरामद



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के द्वारा शहर में अपराध पर अकुंश लगाने के लिए दिए गए दिशा–निर्देश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेन्ट्रल की टीम ने चोरी के वाहन के पार्ट खरीदने वाले कबाडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि जनवरी माह में अशोका इन्क्लेव पार्ट 1 से मेहेन्द्रा पिकअप चोरी हो गई थी जिस संबंध में थाना सराय ख्वाजा में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिस संबंध में आरोपी मौशीम, मुफीद को जुलाई व शौकीन को अगस्त माह में गिरफ्तार किया गया, जिन्होने पूछताछ में बतलाया कि चोरी शुदा गाडी के पार्ट को नफीश कबाडी को बेच कर गाडी को कटवा दिया, जिसपर अपराध शाखा की टीम ने आगामी कार्रवाई करते हुए अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी नफीश को 11 नवम्बर को सेक्टर–37 फरीदाबाद से चोरी के वाहन के पार्ट खरीदने के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रुप से नौरंगाबाद हसनपुर पलवल का रहने वाला है। जिसने गांव डल्लावास जिला नहूं में कबाडे का गोदाम बना रखा है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने आरोपी मौशीम, मुफीद, शौकीन व अन्य से 80000/–रु में चोरी की गाडी के पार्ट खरीदे थे, जिनको उसने किसी अनजान व्यक्ति को बेच दिए। चोरी का माल बेचने से प्राप्त किए गए पैसो में से आरोपी ने 5000/–रु नगद बरामद कराए है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियो की तलाश जारी है।

# हमारी संस्कृति और रीति-रिवाज है हमारी धरोहर

## सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ तुलसी विवाह कार्यक्रम

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट श्री सनातन धर्म महाबीर दल नंबर 1 में तुलसी विवाह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरे हिन्दू रीति–रिवाजों के साथ सभी रस्में पूरी की गई और लोगों ने इसमें बढ़–चढक़र हिस्सा लिया। मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने बताया कि तुलसी विवाह कार्यक्रम में शालिग्राम परिवार की ओर कमल चोपड़ा व अंजू चोपड़ा शामिल हुए, जबकि तुलसी परिवार की तरफ से सुभाष कुकरेजा व सोनाली कुकरेजा शामिल हुए। इस दौरान मंगल गीत गाए और श्रद्धापूर्वक श्रद्धालुओं ने



इस विवाह को सम्पन्न करवाया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि भारत देश त्यौहारों का देश है और सभी त्यौहार हमें आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाने का संदेश देते है। उन्होंने कहा कि तुलसी विवाह कार्यक्रम आज पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान शालिग्राम परिवार की ओर से लोग बारात के रुप में यहां आए और उनका स्वागत किया और विवाह समारोह सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि तुलसी विवाह के साथ ही अब लोगों के शादी–ब्याह भी आरंभ हो जाएंगे और यह सभी रीति रिवाज हमें अपनी संस्कृति और हमारे देश की महानता का हमें ज्ञान कराते है। उन्होंने लोगों को देवउठनी एकादशी की बधाई देते हुए समाज में सुख–समृद्धि की कामना की। सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर 1 के साथ–साथ 3 नंबर स्थित मिलाप स्मृति श्री हनुमान मंदिर में भी धूमधाम से यह विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बाद में बाबा खाटू श्याम के जन्मदिवस पर केक काटा गया और बाबा का गुणगान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के संचालक राजेश भाटिया व उनकी धर्मपत्नी जनक भाटिया, तथा तपस्या मेहरा, जाहनवी भाटिया, शैला कपूर, लाज अरोड़ा, सोनिया अरोड़ा, अर्चना नरूला, मंदिर के चेयरमैन–बंसीलाल कुकरेजा, कोषाध्यक्ष–सचिन भाटिया, प्रचार मंत्री–रिंकल भाटिया दलपति–अजय शर्मा उप–दलपति–आशीष अरोड़ा प्रेम बब्बर, विशाल भाटिया, गौरव गुलाटी, अमित नरूला, अनिल अरोड़ा, गगन अरोड़ा, भव्य मलिक, मुकुल कपूर, विक्रम, संदीप भाटिया व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फरीदाबाद में डेंगू के 128 व मलेरिया के 28 मामले आए

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिले में डेंगू का कहर बढ़ता ही जा रहा है। अभी तक डेंगू के 128 केस और मलेरिया के 28 मामले सामने आए हैं। फरीदाबाद सिविल अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने बढ़ते डेंगू और मलेरिया के मामलों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी स्थिति सामान्य है पिछले साल के मुकाबले इस साल डेंगू और मलेरिया के मामले कम आए हैं। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल की तरफ से रैपिड एक्शन टीम घर–घर जाकर के लोगों को अवेयर करने के साथ–साथ मच्छरों के लार्वा की जांच भी कर रही है। कहीं पर डेंगू के लार्वा मिलते हैं तो उन लोगों पर जुर्माना भी लगाया जाता है। सिविल सर्जन अशोक कुमार ने कहा कि जिले में 4 टीम बनी हुई है, जो अलग–अलग स्तर पर काम कर रही है। कारपोरेशन डिपार्टमेंट से भी टाइप किया हुआ है, जहां पर स्लम एरिया है वहां पर फागिंग करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि अभी स्थिति सामान्य है क्योंकि डेंगू और मलेरिया का समय खत्म होने जा रहा है। नवंबर में यह खत्म हो जाते है अब अगले 10 दिन में 5–10 ही मामले आ सकते हैं। डॉ अशोक कुमार ने कहा कि अगर किसी अस्पताल में कोई डेंगू या मलेरिया का मरीज एडमिट है, जो डेंगू और मलेरिया के जांच रेट सरकार द्वारा निर्धारित है उसी तय रेट पर जांच की जाएगा। अगर किसी को प्लेटलेट्स की भी जरूरत पड़ती है तो सिविल अस्पताल से दी जाती है। अगर सिविल अस्पताल में नहीं मिलती तो उन्हें बाहर से अरेंज करके सिविल अस्पताल द्वारा दी जाती है। अगर कोई अस्पताल उसे रेट से ज्यादा पैसे लेता है तो उस पर भी कार्रवाई की जाती है।



## कविता- वर्षों तक



हरा भरा वृक्ष फलों से लदा वृक्ष
खड़ा है वर्षों से

कड़ी धूप सहता और सूख जाता
शीत लहर में कंपकंपा–सकुचाता
जब वर्षा आती तब खिलखिलाता
खड़ा है वर्षों से

प्राण वायु दे बना जीवन दाता
छाँव देने वाला यह सुख दाता
फल दिया इसीलिए फल दाता
देता रहा वर्षों तक

यही प्रक्रिया दोहराता रहा वर्षों तक
वर्षा धूप शीत सहकर
आज सूख गया बहुत बड़ा वृक्ष
मृत होकर भी
दरवाजे खिड़कियां बन काम आया
घरों की बना शोभा
और सुरक्षा घेरा पाया।

वृद्ध और वृक्ष दोनों हैं एक समान
दोनों करते हैं त्याग और है महान
दोनों ही जीते जी भी काम आते
और मरने पर कल्याण करके जाते

**कविता रचयिता–**
**डॉ. अशोक कुमार वर्मा**
**9053115315**

## संपादकीय

# हरियाणा वाला जादू यूपी में चल गया तो...!

भारतीय जनता पार्टी के नेता और खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजकल समाजवादी पार्टी को हिंदुत्व के नाम पर तो घेर ही रहे हैं इसके अलावा अखिलेश राज में फैली अराजकता, जंगलराज, उनके कार्यकाल में हुए दंगों की भी याद जनता को दिला रहे हैं। यह कहा जा सकता है कि अखिलेश को चौतरफा घेरने की तैयारी चल रही है ।हरियाणा वाला जादू यूपी में चल गया तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिये आगे की सियासी राह मुश्किल हो जायेगी। उप चुनाव में बीजेपी और योगी की यह रणनीति सफल रही तो इसका उप चुनाव में तो पार्टी को फायदा होगा ही 2027 में होने वाले यूपी विधान सभा चुनाव के लिये भी इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। दरअसल, योगी और अन्य बीजेपी के नेता उप चुनाव को 2027 के चुनाव का रिहर्सल मानकर चल रहे हैं, उप चुनाव के नतीजे बीजेपी के पक्ष में आते हैं तो लोकसभा चुनाव से उत्साहित अखिलेश बैकफुट पर आ सकते हैं। उधर, बीजेपी का लोकसभा चुनाव के नतीजों का गम भी काफी कम हो जायेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर योगी अपनी रैलियों में लगातार सपा सरकार के समय के गुंडाराज, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व व नेताओं की आपराधिक की परतें उधेड़ रहे हैं। वह अंबेडकरनगर की कटेहरी, मीरजापुर की मझवां और प्रयागराज की फूलपुर या अन्य विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा में समाजवादी पार्टी को जहां अपराधी, दुष्कर्मी, माफिया का प्रोडक्शन हाउस बता रहे हैं, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को इसका सीईओ और पार्टी महासचिव शिवपाल यादव को ट्रेनर करार दे रहे हैं।




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

सपा के पीडीए के नारे की अपने हिसाब से व्याख्या करते हुए योगी पीडीए का अर्थ है 'प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी' बताते हैं। वह कहते हैं कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के इसी प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। इसी के साथ योगी बार-बार याद दिलाते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, इसलिए एकजुट रहिए।भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि कांग्रेस-सपा वाले महापुरुषों का सम्मान नहीं करते हैं। एक साल पहले भाजपा 31 अक्टूबर को जब राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी तो सपा और उसके मुखिया भारत विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की जयंती मना रहे थे। इन्हें जिन्ना प्यारा है, क्योंकि उसने भारत का विभाजन कराया था।

योगी बताते हैं कि एससी-एसटी पर सर्वाधिक अत्याचार सपा शासन के दौरान हुए। 2015-16 में इन लोगों ने एससी-एसटी के बच्चों की छात्रवृतति रोक दी थी, उसे भी हमने शुरू कराया। कांग्रेस व सपा का इंडी गठबंधन देश व समाज के लिए खतरनाक है, इसलिए हरियाणा में जनता ने उन्हें नहीं आने दिया और भाजपा की हैट्रिक लगाई। प्रयागराज के फूलपुर में भाजपा प्रत्याशी दीपक व मिर्जापुर के मझवां में शुचिस्मिता के समर्थन में आयोजित सभा में सपा को सीधे निशाने पर लिया। योगी की इसी मुखरता के कारण चुनाव प्रचार में भाजपा के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में लगातार तीन दिनों तक नौ रैलियां करने के बाद योगी झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। योगी झारखंड में चार रैलियां कर भाजपा के चुनाव प्रचार को धार देंगे। इससे पहले पांच नवंबर को भी उन्होंने झारखंड में कई रैलियां कर भाजपा के उम्मीदवारों का प्रचार किया था। मुख्यमंत्री की पहली जनसभा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में होगी। भारतीय जनता पार्टी ने यहां से मनु प्रताप शाही को उम्मीदवार बनाया है। योगी इसके बाद पलामू जिले की हुसैनाबाद सीट से उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह के लिए वोट मांगेंगे। उनकी तीसरी व चौथी रैली भी पलामू में ही होगी। तीसरी रैली पांकी से शशिभूषण मेहता के लिए करेंगे। वहीं चैथी व आखिरी रैली डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा ने आलोक कुमार चौरसिया को उम्मीदवार बनाया है। योगी जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं वहां पर अपनी तेज-तर्रार शैली की छाप भी छोड़ रहे हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है।

## घर से निकली 22 वर्षीय महिला हुई लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सिटी थाना अंतर्गत 22 वर्षीय एक महिला अक्समात लापता हो गई। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। इस बारे में गोपी नामक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 10 नवंबर को सुबह करीब 9 बजे उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने महिला के संभावित ठिकानों,रिश्तेदारी आदि में तलाशने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## नई शिक्षा नीति के तहत पहली से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की बनाई जा रही अपार आईडी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार स्कूलों में कक्षा पहली से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इसे राटीय शिक्षा नीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बारे में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला की ओर से बीते समय प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व परियोजना संयोजकों को पत्र भेजकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए थे। सरकारी एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों की ये आईडी यूडाइज प्लस के माध्यम से बनाई जा रही है। जिससे विद्यार्थियों शैक्षणिक प्रगति रिर्पोट प्राप्त करने में आसानी होगी। अपार आईडी के जरिए प्रत्येक छात्र की प्रत्येक कक्षा में प्राप्त किए गए अंक, प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक संस्थान की उपलबधियां दिखाई देगीं। इसका डीजी लॉकर के माध्यम से एकीकरण किया जाएगा। इस कार्य के जिला सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है। अपार आई बनाने से पूर्व अभिभावकों से सहमति लेनी होगी। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि अपार आईडी बनाने के लिए शिक्षा विभाग से प्राप्त पत्र के तहत नई राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों की आईडी बनाने का कार्य जारी है। इस आईडी में विद्यार्थियों की प्रगति रिर्पोट उपलब्ध होगी।

# किसानों के सामने नहीं रहने दी जायेगी डीएपी खाद की कमी : आरती सिंह

### महेंद्रगढ जिले में विभिन्न प्वाईंटों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा खाद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** किसानों के लिए रबि फसल बिजाई को लेकर डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है। महेंद्रगढ जिले में करीब 13500 मीट्रिक टन डीएपी खाद की जरूरत थी जिसमें से करीब 11284 मीट्रिक टन किसानों को उपलब्ध करवाया जा चुका है। क्षेत्र में सरसों की बिजाई का कार्य लगभग पूरा हो गया है। प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि गेहूं की बिजाई शुरू हो गई है। सरकार किसानों को अनुदान पर उन्नत किस्म का गेहूं का बीज उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र का मेहतनकश किसान गर्मी के 45 डिग्री तथा सर्दी के माइनस डिग्री तापमान में धरती का सीना चीरकर अन्न पैदा करने की हिम्मत रखता है। उसके सामने फसल बिजाई करते समय कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। महेंद्रगढ-रेवाड़ी में रबी सीजन में सरसों, गेहूं, चना की मुख्य फसलें मानी जाती हैं। सरसों व चने की बिजाई लगभग पूरी हो चुकी है और गेहूं की बिजाई भी 15-20 प्रतिशत से ज्यादा हो चुकी है। जिले में डीएपी



खाद की सप्लाई सुचारू रूप से हो रही है। उन्होंने बताया कि अगस्त महीने में जिले में खाद का स्टॉक 831 एमटी था तथा अब तक 10453 एमटी और खाद प्राप्त हुआ है अत: कुल 11284 एमटी डीएपी खाद हमारे पास उपलब्ध था जिसमें 10495 एमटी का वितरण हो चुका है। इसके अलावा एनपीके 5684 एमटी प्रयोग हो चुका है तथा 1414 एमटी एनपीके खाद स्टॉक में उपलब्ध है। इसी प्रकार एसएसपी खाद 996 एमटी खाद प्रयोग हो चुका है तथा 832 एमटी खाद स्टॉक उपलब्ध है। खोरी में खाद का रेक जल्द ही लगेगा। किसानों को कोऑपरेटिव सोसाइटी, पैक्स व खाद विक्रेताओं के माध्यम से समय समय पर खाद उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला महेंद्रगढ़ में खाद की किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं रहने दी जायेगी।

**मंगलवार को 390 क्विंटल बाजरे की हुई खरीद**

मार्केट कमेट कनीना के सचिव विजय सिंह व हैफेड के खरीद अधिकारी रिषी शर्मा ने बताया कि कनीना की नयी आनाज मंडी चेलावास में मंगलवार को 16 किसानों से 390 क्विंटल बाजरे की खरीद की गई। सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरे की खरीद की जा रही है। अब तक 11038 किसानों से 288629 क्विंटल बाजरे की खरीद हो चुकी है जिसमें से 263795 क्विंटल बाजरे का उठान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर तक बाजरे की खरीद का समय निर्धारित किया गया है। इस दौरान किसान मंडी में बाजरा बेच सकते हैं।

# पूर्व वित मंत्री जेपी दलाल ने मंगलवार को लोहारू के करीब डेढ दर्जन गांवों का किया दौरा

### लोगों को करवाई भाजपा की सदस्यता ग्रहण

### लोहारू को विकास के मामले में किसी से कम नहीं रहने दिया जाएगा: पूर्व वित एवं कृषि मंत्री जेपी दलाल

### भाजपा के सदस्यता अभियान में कार्यकर्ता अधिक से अधिक सदस्य बनाकर करें रिकॉर्ड कायम: जेपी दलाल

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**लोहारू/बहल/सिवानी मंडी।** प्रदेश के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री तथा भाजपा की वरिष्ठ नेता जेपी दलाल ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत मंगलवार को लोहारू क्षेत्र के करीब डेढ दर्जन गांवों का दौरा कर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है। इस पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान दिया जाता है। कार्यकर्ताओं की वजह से तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार बनी है। इससे प्रदेश में और



अधिक गति से विकास कार्य होंगे।

पूर्व वित मंत्री जेपी दलाल मंगलवार को लोहारू क्षेत्र के गांव झांझड़ा हसनपुर, दमकोरा, बिसलवास, लोहारू, चैहड़ कलां, सलेमपुर, शहरयारपुर, मंडोली कलां, कासनी खुर्द, गोकुलपुरा, बहल, मिट्ठी, मोरका, झुंपा, कलाली, लीलस, बड़वा आदि गांवो का दौरा कर भाजपा द्वारा चलाए गए सदस्य सदस्यता अभियान के लिए आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शादी समारोह में भी शिरकत की और नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए लक्ष्य से भी ज्यादा सदस्यता ग्रहण करवाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोडना और संगठन को और अधिक मजबूत करना है। जेपी दलाल ने कहा कि जिस गति से सदस्यता अभियान चल रहा है, उन्हे पूरा विश्वास है कि प्रदेश भर में लाखों लोग पार्टी से जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति भाजपा से जुडना चाहता है तो वह अपने मोबाइल से कॉल कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आमजन भाजपा के विचारों से जुड़ें। उन्होंने कहा कि ये अभियान कई दिनों तक चलेगा और भाजपा विश्व में सबसे बड़ी पार्टी और संगठन होने का खिताब लगातार बरकरार रखेगी । इस मौके पर उन्होंने विकसित राष्ट्र और विकसित हरियाणा बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जुडने. की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान में भी कार्यकर्ता अधिक से अधिक सदस्य बनाकर रिकॉर्ड कायम करें। उन्होंने कहा कि हर एक कार्यकर्ता ने पूरी ताकत के साथ काम किया है। सभी को साथ लेकर काम करेंगे व किसी भी कार्यकर्ता की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोहारू विधानसभा क्षेत्र में बिजली, पानी, कृषि, पशुपालन, बागवानी, मछली पालन आदि की जो विकास योजनाएं चल रही हैं उन्हें तय समय अवधि में पूरा किया जाएगा। किसी भी गांव, कस्बे में ग्रांट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डीसी ने कनीना पंहुचकर अधिकारियों को दिए स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश

### नपा कार्यालय में बैठक आयोजित कर विभिन्न पहलुओं की ली जानकारी

### सरल केंद्र,निर्माणाधीन लघु सचिवालय भवन व एसडीएम कार्यालय का किया निरीक्षण

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए नियमित साफ-सफाई जरूरी है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यालयों एवं आसपास सफाई का ध्यान रखें। ये बातें जिला उपायुक्त डा विवेक भारती ने मंगलवार को कनीना स्थित नगरपालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों से कही। उन्होंने नगरपालिका कार्यालय का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदेश



सरकार के आदेशानुसार सुबह 9 से 11 बजे तक सभी अधिकारी जनसमयाएं सुनकर उनका निदान करें। प्रोपर्टी आईडी तथा जमींन सम्बंधी मामलों को सुलझाएं। शहर में वाहन पार्किंग, टायलेट तथा डस्टबिन की व्यवस्था दुरूस्त की जाए। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि कनीना में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है। जिले में थोडी-बहुत कमी है उसे शीघ्र ही दूर कर दिया जायेगा। वे नगरपालिका कार्यालय से पद यात्रा कर एसडीएम कार्यालय पंहुचे जहां सरल केंद्र का निरीक्षण कर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। निर्माणाधीन लघु सचिवालय भवन का अवलोकन कर निर्माणकर्ता कर्मियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम अमित कुमार, नपा सचिव समयपाल सिंह, मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह, एसडीएच प्रभारी डा सुदंरलाल, डा रेनु, बिजली निगम के एसडीओ उमेश वर्मा, तहसीलदार संजीव नागर, पटवारी अनूप सुहाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**ग्रुप-डी कर्मचारियों ने विभाग अलाटमेंट व वेतन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

इस दौरान उन्होंने ग्रुप-डी के दर्जनों कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपकर विभाग अलाट करने तथा वेतन देने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन पत्र में कर्मचारियों ने कहा कि मार्च 2024 में उनकी ज्वाईनिंग की गई थी। वे एसडीएम कनीना के अधीन कार्यरत हैं,आठ माह का समय गुजरने के बाद भी उन्हें विभाग अलाट नहीं किए गए हैं। कुछ कर्मचारियों को वेतन भी जारी नहीं किया गया है। डीसी डा विवेक भारती ने कर्मचारियों को जल्द ही विभागों को अलाट कर वेतन जारी करने का आश्वासन दिया।

## जन कल्याण की भावना से प्रबोधिनी एकादशी पर किया 31वें हवन का आयोजन

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर मंगलवार को जेल परिसर में 31वें हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें जेल कर्मियों ने हिस्सा लिया। जेल वार्डन महेश भारद्वाज ने बताया कि उनकी ओर से प्रत्येक माह की शुक्ल पक्ष एकादशी को जिला जेल में हवन का आयोजन किया जाता है। जिसमें जन कल्याण के लिए आहुति डाली जाती है। हवन में राजेन्द्र शास्त्री,लाईन ऑफिसर रमेश बामल, हेड वार्डन किशन प्रधान, जेल वार्डन विनोद यादव, एसपीओ ईशवर सिंह, जेल नारी शक्ति, जेल सुपरिटेंडेंट संजय बांगड़ मंगलाहुति डाल सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने बताया कि जेल स्टाफ की ओर से क्षेत्र में धन-धान्य, यश-कीर्ति, पशुधन-फसलधन, व्यापारधन व निरोगता के लिए हवन का आयोजन किया जाता है।

## प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर मुख्य सडक मार्गों पर किया पानी का छिडकाव



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** दीपावली त्योंहार के बाद क्षेत्र में लगातार बिगडते जा रहे एक्यूआई को लेकर नगरपालिका प्रशासन कनीना की ओर से मुख्य स्थानों व सडक मार्गों पर पानी का छिडकाव किया गया। वायुमंडल में बढते धुएं जैसे स्मोग से श्वांस लेना कठिन हो रहा है। इसके प्रभाव से आखों में जलन होना तथा अस्थमा की शिकायत होना सामान्य सी बात हो रही है। नपा द्वारा पानी छिडकाव करने के बाद वाहनों के आवागमन से उडने वाली धूल पर कमोबेश विराम लग गया। नपा प्रशासक एसडीएम अमित कुमार व नपा सचिव समयपाल सिंह ने बताया कि आमजन को कूडे-कचरे में आग न लगाने की सलाह दी गई है वहीं किसानों को ईंधन-पराली में आग न लगाने को कहा गया है। कोई भी व्यक्ति ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाऐगी।

# सुप्रीम कोर्ट और हरियाणा सरकार के आदेश अनुसार पंचायत जमीन पर कब्जे को लेकर सरपंच हुए सख्त

### पंचायती जमीन पर कब्जा खाली करवाना, झूठी शिकायत का सामना करना : जैद सरपंच

### मोहम्मदपुर गांव की पंचायत जमीन पर किया हुआ कब्जा जल्द खाली कराया जाएगा : सरपंच

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सुप्रीम कोर्ट और हरियाणा सरकार के आदेश अनुसार मोहम्मदपुर गांव के सरपंच को पंचायत जमीन पर कब्जा करना भारी पड़ रहा है। सरपंच ने जैसे ही जिला उपायुक्त को शिकायत देकर गांव में दबंग लोगों द्वारा अवेध कब्जा खाली कराने की शिकायत की और कुछ कब्जा खाली कराया, तो कब्जा धारियों ने सरपंच के खिलाफ ही तरह-तरह की शिकायत बाजी करना शुरू कर दिया।

मंगलवार को मोहम्मदपुर गांव के सरपंच जेद ने बताया कि जब वह सरपंच बने तो गांव में पंचायत जमीन पर कब्जे को लेकर उन्होंने डीसी को शिकायत दी और पंचायती जमीन पर कब्जा खाली कराने के लिए उन्होंने अपना प्रयास किया। जिसको लेकर कई जगह उन्होंने पंचायत जमीन पर कब्जा भी खाली कराया। लेकिन कुछ दबंग लोगों द्वारा पंचायत जमीन पर कब्जे को लेकर जब वह खाली कराने पहुंचे तो उन्होंने दबंगई दिखाई और उनके खिलाफ तरह तरह की



शिकायत बाजी करने लग गए। सरपंच जैद ने बताया कि पंचायत जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों की शिकायत पर उन्होंने लोकायुक्त को अपना रिकॉर्ड सौंप दिया है और अब एसडीएम कार्यालय और दूसरी जगह शिकायतकर्ता उनके खिलाफ झूठी शिकायत लगा रहे हैं। जिसके लिए उन्होंने लोकपाल द्वारा दी गई रिकार्ड जमा कराने की रसीद जमा करा दी है। सरपंच का कहना है कि वह गांव में सरपंच गांव के विकास कराने के लिए और पंचायती जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए बने हैं। उन्होंने कहा कि जिले के नवनियुक्त उपायुक्त प्रशांत पवार से भी वह मिलकर गांव में पंचायत जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ मिलकर जल्द से जल्द अवैध कब्जा हटाने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि वह झूठी शिकायतों से डरने वाले नहीं है। गांव में जो भी विकास कार्य हुए हैं वह पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ हुए हैं। कुछ लोग अपनी अवैध कब्जा की हुई जमीन को बचाने के लिए उनके खिलाफ झूठी शिकायत दे रहे हैं। लेकिन वह जिला प्रशासन और कानून के साथ मिलकर गांव में काम करेंगे और अवैध कब्जे को हटाकर रहेंगे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली का नूंह में प्रवास कार्यक्रम आज

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के कार्य में जुटी हुई है। अब प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली प्रदेश में जिलेवार प्रवास करेंगे और सदस्यता अभियान को धार देंगे। पूरा कार्यक्रम बन गया है। 13 नवंबर से प्रदेश अध्यक्ष का प्रवास कार्यक्रम नूंह से शुरू होगा। सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक वेदपाल एडवोकेट के मुताबिक 13 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली नूंह जिला भाजपा कार्यालय झिर कमल से सुबह 10 बजे प्रवास कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान प्रदेश



अध्यक्ष के साथ प्रवास प्रमुख गोपाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी गौरव जैन ने बताया कि प्रवास कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी सदस्य, जिला सदस्यता टोली, मंडल सदस्यता टोली, शक्ति केंद्र प्रमुख, शक्ति केंद्र सदस्यता प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## मुंबई हवाई अड्डे पर 2.27 करोड़ का 3 किलो सोना जब्त

मुंबई। सोने की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं और अबतक मुंबई हवाई अड्डे पर करोड़ों रूपये का सोना पकड़ा जा चुका है लेकिन तस्करी का ये गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन किलो सोना जब्त किया गया है। जब्त किए गए सोने की कीमत 2 करोड़ 27 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दुबई के एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 1 किलो वजन की 24 कैरेट की तीन सोने की छड़ें बरामद की गईं। यात्री इन सोने की छड़ों को अपनी ट्राउजर की जेब में लाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन कस्टम विभाग ने इस आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आगे की जांच चल रही है कि ये सोना भारत क्यों लाया जा रहा था, क्या इसका कोई राजनीतिक कनेक्शन तो नहीं ?

## उद्धव ठाकरे की 24 घंटे में दूसरी बार तलाशी

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के हेलिकॉप्टर की 24 घंटे में दूसरी बार चेकिंग हुई। उद्धव मंगलवार को उस्मानाबाद में औसा सीट पर प्रचार करने आए थे। इस दौरान चुनाव आयोग के कर्मचरियों ने उनके हेलिकॉप्टर की चेकिंग की। इससे पहले 11 नवंबर को यवतमाल के वनी एयरपोर्ट पर उनके बैग की जांच की गई थी। चुनाव आयोग की कार्रवाई पर उद्धव ठाकरे नाराज हो गए। उन्होंने मंगलवार को कहा– अमित शाह गृह मंत्री के कुर्सी पर बैठने के लायक नही हैं। मोदी के थापा से महाराष्ट्र परेशान हो चुका है। आपने मेरी बैग जांच की कोई बात नही है, लेकिन मोदी और शाह के बैग की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा– मोदी और शाह के बैग की जांच कीजिए, क्योंकि वो महाराष्ट्र लूटकर जा रहे हैं। आज मुझे सोलापुर जाना था, मुझे उड़ान भरने से रोका गया, क्योंकि मोदी आ रहे थे। मोदी प्रधानमंत्री पद के लायक नहीं हैं। 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, लेकिन 1500 रुपए दे रहे हैं। देवा भाउ, दादी भाउ, जैकेट भाउ तीनों मिलकर महाराष्ट्र खाऊं ऐसी इनकी सरकार है।

## अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने वाला रायपुर से गिरफ्तार

मुंबई। एक ओर जहां अभिनेता सलमान खान को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, वहीं पिछले हफ्ते शाहरुख खान को भी धमकी भरा फोन आया था। 5 नवंबर को शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली और 50 लाख रुपये की मांग की गई। धमकी भरा फोन पुलिस को आया। इसके बाद पुलिस शाहरुख खान को धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। खबर है कि शाहरुख खान को धमकी देने वाले एक शख्स को छत्तीसगढ़ के रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। इस शख्स का नाम फैजान खान है। पुलिस ने इस शख्स को रायपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस जाँच में पता चला है कि धमकी भेजने के लिए फैजान के फोन का इस्तेमाल किया गया था। रिपोर्ट में लिखा है कि धमकी देने वाले ने करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी है। ये भी साफ है कि ये पैसे न देने पर शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी दी गई है। शाहरुख खान को धमकी मिलने के बाद जब पुलिस ने कॉल को ट्रेस किया तो पता चला कि कॉल रायपुर से आई थी। इसके बाद पुलिस टीम को रायपुर रवाना किया गया और वहां स्थानीय पुलिस की मदद से मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चीनी गैंग के चार सदस्य सूरत में पकड़े गए, 111 करोड रुपए की धोखाधड़ी

सूरत । चीन में बैठी गैंग के एजेंट भारत में कई स्थानों पर फैल गए हैं। डिजिटल अरेस्ट और निवेश के नाम पर चीन में बैठकर धोखाधड़ी की जा रही है। चीन के गिरोह से जुड़े चार आरोपियों को सूरत पुलिस की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अजय इटालिया, जल्पेश नडियादरा, विशाल ढुम्मर तथा हिरेन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 28 मोबाइल फोन, 180 पासबुक, 86 डेबिट कार्ड,258 सिम कार्ड और 30 चेक बुक बरामद हुई है। चीन में बैठे गैंग द्वारा इन आरोपियों के माध्यम से भारत के बैंक अकाउंट मैं लेनदेन किया जाता था। अभी तक 111 करोड रुपए की ठगी के मामले की जानकारी लगी है। कई बैंकों से अभी जानकारी आना बाकी है। सूरत की साइबर सेल पुलिस इस मामले की तह मे जाकर जांच कर रही है। जो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। वह भारत में किसी भी बहाने लोगों के डॉक्यूमेंट लेकर अथवा बैंक खाता किराए पर लेकर ठगी की रकम का रोटेशन करते थे। ठगी की यह रकम कई खातों से होते हुए चीन पहुंच जाती थी।

## भारत की 45 फ़ीसदी महिलाएं बेरोजगार, 8 करोड़ युवतियां रोजगार की तलाश में

नई दिल्ली । सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जो रिपोर्ट जारी की गई है। उसके अनुसार भारत की एक बहुत बड़ी युवा आबादी के पास रोजगार का कोई साधन नहीं है। सांख्यिकी विभाग ने मॉड्यूलर सर्वेक्षण 2022–23 की जो रिपोर्ट प्रकाशित की है। उसके अनुसार 15 से 29 साल की लगभग 44.6 फ़ीसदी महिलाओं के पास कोई काम नहीं है। इसी आयु वर्ग के आठ फ़ीसदी युवाओं के पास भी कोई काम नहीं है। यह सभी बेरोजगार हैं। सर्वेक्षण के अनुसार 8 करोड़ से अधिक युवतियां काम की तलाश में है। देश में इस समय 18 से 29 साल की युवा महिलाओं की आबादी लगभग 18.5 करोड़ है। इनमें से 44.6 फ़ीसदी युवतियों के पास कोई कोशल नही है। जिसके कारण ना तो इन्हें कोई रोजगार मिलता है। नाहि कोई नौकरी मिल पा रही है। सर्वेक्षण में यह बात भी सामने आई है 25.6 फ़ीसदी युवा अपनी पढ़ाई छोड़ चुके हैं। उनके पास कोई रोजगार नहीं है। सर्वेक्षण में सबसे चिंता जनक पहलू यह देखने में आया है। 24.2 फ़ीसदी युवा कर्ज के शिकार हैं। वही 12.2 फ़ीसदी महिलाएं कर्ज के मकडजाल में फंसी हुई हैं। सर्वे में ग्रामीण क्षेत्र में 8.4 फ़ीसदी युवा और 40.6 फ़ीसदी युवतियां किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल नहीं हैं। शहरी क्षेत्र में 7.1 फ़ीसदी युवा तथा 39.8 फ़ीसदी महिलाएं अपने घरों में बैठी हुई है।

# अपनी रैलियों में मोदी के नारे लगते देख बौखला गए हैं मल्लिकार्जुन खड़गे

### विधायकों को लेकर दिए गए विवादित बयान पर बीजेपी का पलटवार



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** मल्लिकार्जुन खड़गे बौखला चुके हैं क्योंकि जब वह अपनी रैलियों में जाते हैं, तो वहां सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के पक्ष में कोई नारे नहीं लगाता। सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारे लगते हैं, और लोग यह कहते हैं, एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे। यह दुख की बात है कि इतने अनुभवी नेता होते हुए भी खड़गे की भाषा की शैली इतनी निम्न स्तर तक पहुंच चुकी है। यह सब इस बात को साबित करता है कि खड़गे समझ चुके हैं कि महाराष्ट्र और झारखंड में उनकी सरकार बनने की कोई संभावना नहीं है। यह बात मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भारतीय जनता पार्टी विधायकों को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद पलटवार करते हुए बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कही। उन्होंने आगे कहा, जहां तक खड़गे की बातों का सवाल है, उन्होंने खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया है। अगर इस देश के लोकतंत्र में खरीद-फरोख्त का काम किसी ने किया है, तो वह कांग्रेस ने किया है। अगर किसी ने इस देश की लोकतांत्रिक सरकार को गिराया है, तो वह कांग्रेस ने गिराया है। जवाहरलाल नेहरू ने भी यही किया था। मैं खड़गे से यह कहना चाहता हूं कि यह लोकतांत्रिक देश है, यह आपके परिवार के संविधान के आधार पर नहीं चलता, यह लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर चलता है।

**मुस्लिम लीग की तरह भारत को चलाना चाहती है कांग्रेस**

उन्होंने कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण पर कहा, कांग्रेस पार्टी की मंशा यह है कि वह भारत को उसी तरह चलाना चाहती है जैसे कि पहले मुस्लिम लीग चलाती थी। कांग्रेस पार्टी की सोच यह है कि वह हिंदू समाज को जातियों में बांटे, सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और एड्स जैसी बीमारियों के समान बताये और मुसलमानों को संविधान के बजाय विशेष आरक्षण देने की वकालत करे। यही कारण है कि महाराष्ट्र में वह मुस्लिम आरक्षण की बात करती है, कर्नाटक में मुसलमानों को सरकारी ठेकों में लाभ देने का समर्थन करती है और 2009 के अपने घोषणापत्र में वादा करती है कि पूरे देश में मुसलमानों के लिए आरक्षण लागू कर दिया जाएगा। यह देश बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान के तहत चलता है, न कि कांग्रेस पार्टी के अपने नए मुस्लिम लीग के संविधान के तहत। कांग्रेस पार्टी को इस देश के बहुसंख्यक समुदाय का वोट नहीं चाहिए। उन्हें बहुसंख्यक समाज की कोई परवाह नहीं है, वे सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। इसी कारण प्रियंका वाड्रा जैसे नेता वायनाड से चुनाव लड़ती हैं, जहां वह 90 फीसदी मुस्लिम वोट हासिल कर सकती हैं।

## विवादित बयान देकर फंसी कंगना रनौत

### -आगरा की कोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब



आगरा । बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत की विवादित बयान के कारण मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पहले तो उन्हें किसान आंदोलन पर दिए बयान के कारण किसानों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी, वहीं अब किसान आंदोलन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर दिए गए बयान को लेकर मंगलवार को आगरा की जिला एवं सत्र न्यायालय ने कंगना रनौत को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने किसानों और राष्ट्रपिता का अपमान की बात करते हुए कंगना रनौत के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। इस मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। बता दें कि राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर 2024 को स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया था। बता दें कि कंगना रनौत ने 2021 में किसान आंदोलन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर बयानबाजी की थी। उन्होंने कहा था कि गाल पर चांटा खाने से भीख मिलती है आजादी नहीं। कंगना ने कहा था कि देश को सही मायने में आजादी 2014 के बाद मिली है। किसान आंदोलन को लेकर ममता ने कहा था कि कृषि कानून के खिलाफ प्रदर्शन में खालिस्तानी आतंकी शामिल हैं। इन बयानों के बाद कंगना का देशभर में विरोध भी हुआ था।

## राम मंदिर को बम से उड़ाने की गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद सुरक्षा बढ़ी

**अयोध्या/लखनऊ (एजेंसी )।** अयोध्या में स्थित भगवान श्री राम के भव्य राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद अयोध्या में सुरक्षा को और बढ़ा दिया गया है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी देते हुए कहा कि 16 और 17 नवंबर को राम मंदिर में हिंसा होगी। इस धमकी के बाद अयोध्या से लेकर लखनऊ तक हड़कंप मच गया है। अब इस मामले पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा है कि अयोध्या में सुरक्षा की पूरी पुख्ता व्यवस्था है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि एक सुरक्षा व्यवस्था के तहत वहां डिप्लॉयमेंट होता है। पूरी अयोध्या सिटी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि जब भी इस तरह की थ्रेट्स आते हैं तो हम उसका स्वतः संज्ञान लेते हैं। खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने अयोध्या राम मंदिर के साथ ही कनाडा में भारतीय मूल के हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भी धमकी दी है। जानकारी के मुताबिक, पन्नू ने अपने वीडियो बयान में कहा कि हिंदुत्ववादी विचारधारा की जन्मस्थली की नींव को हम हिला देंगे। इसके बाद से अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता कर दिया गया है। वहीं, राम मंदिर के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इसके पहले भी बहुत से आतंकी संगठनों ने राम मंदिर को उड़ाने की बात कही, लेकिन कभी उनके इरादे पूरे नहीं हो सके। पाकिस्तानी समर्थक खालिस्तानियों द्वारा इस तरह का वीडियो जारी कर राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी जा रही है, जो की बहुत ही निंदनीय है।

विदित हो कि खालिस्तानी आतंकी पन्नू को भारत सरकार कई साल पहले आतंकी घोषित कर चुकी है। अब उसकी धमकी मिलने के बाद अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। हालांकि, पहले से ही अयोध्या की सुरक्षा को भेद पाना किसी के लिए आसान नहीं है, लेकिन अब सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया गया है। एसपी सुरक्षा ने राम मंदिर दर्शन मार्ग समेत अन्य प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया है। आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि अयोध्या की सुरक्षा पहले से ही हाई सिक्योरिटी जोन है। यहां तैनात सुरक्षाकर्मी आतंकी हमले से निपटने के लिए ट्रेंड हैं। उन्होंने कहा कि धमकी मिलने के बाद फिर से सुरक्षा की समीक्षा की गई है। आतंकी पन्नू पहले भी कई धमकियां दे चुका है।

## इंडी गठबंधन महाराष्ट्र और झारखड़ में चुनाव जीतने मुस्लिम तुष्टिकरण का एजेंडा चला रहे: बीजेपी सांसद



**नई दिल्ली (एजेंसी )।** भाजपा मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर हमलावर है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उनके इंडी गठबंधन के सारे सहयोगी मुस्लिम तुष्टिकरण और उनके वोट लेने के लिए एजेंडा चला रहे हैं। बीजेपी सांसद ने दावा किया कि जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा, छोटा नागपुर ने फरमान जारी किया है कि मौजूदा मुल्क के हालात को देखकर मरकजी हुकूमत का मुसलमानों के ताल्लुक में जो रवैया है और जिस प्रकार मुसलमानों को एनसीआर, यूसीसी और वक्फ कानून लेकर घुसपैठिए के बहाने डराया धमकाया जा रहा है, उस सिलसिले में जमीयत ए उलेमा, झारखंड से मशवरे के बाद जमीयत ए उलेमा जिला लोहरदगा मुसलमानों से अपील करती है कि मुसलमान एक होकर इंडी गठबंधन के पक्ष में अपना वोट दें। भाजपा नेता ने कहा कि ये झारखंड और महाराष्ट्र की कहानी है। उन्होंने कहा कि ये सारी जमात वहीं है, जिसने तीन तलाक का भी विरोध किया था। इतने सालों के बाद आज भी कांग्रेस पार्टी न कुछ समझती है और न सुधरती है, बल्कि इसतरह तत्वों के बहाने ही चुनाव जीतने का षड्यंत्र करती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सफाया हो रहा है। लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस 1950 के मॉडल पर ही चल रही है। 1986 में शाहबानों प्रकरण में कांग्रेस जहां थी, आज 2024 में भी कांग्रेस वहीं खड़ी है। पार्टी सांसद ने कहा कि बीजेपी बहुत स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी वोटों की खातिर मुस्लिम समुदाय के सभी रूढ़िवादी, विभाजनकारी तत्वों के साथ साजिश रच रही है क्योंकि वे अपनी आसन्न हार से आशंकित हैं।

वहीं बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद ने महाराष्ट्र में वहीं काम किया है जो वे अब झारखंड में करने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदू समुदाय के लोग एनआरसी से डरने वाले नहीं हैं। अगर मुसलमान भारत के नागरिक हैं, तब वे एनआरसी से क्यों डरते हैं? इसका मतलब है कि वे या बांग्लादेश, पाकिस्तान या किसी अन्य देश से आए घुसपैठिए हैं।

## बीजेपी नेता का कार्यकर्ता को लात मारने का वीडियो वायरल, जिसे लात मारी उसने दी सफाई

जालना। बीजेपी के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दानवे फोटो फ्रेम में आ रहे एक कार्यकर्ता को लात मारते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि दानवे से मिलने पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर उनके आवास पर पहुंचे थे। इस मेल–मुलाकात के बीच ही दानवे, खोतकर का सम्मान कर रहे थे। लेकिन तभी कार्यकर्ता उनके फोटो फ्रेम में आने लगा। इस दौरान दानवे ने अचानक पास खड़े कार्यकर्ता को लात मार दी। दानवे के कार्यकर्ता को लात मारने की घटना मोबाइल में कैद हो गई। अब वीडियो के वायरल होने के बाद विपक्षी पार्टियां दानवे की आलोचना कर रही हैं। शिवसेना (यूबीटी) जिला प्रमुख भास्कर आंबेकर ने कहा, महाराष्ट्र में अगर नेता अपने कार्यकर्ताओं को लात से मार रहे हैं, तब महाराष्ट्र कहां से कहां आ गया है। जनता को यह सोचना चाहिए। बीजेपी नेता दानवे ने जिस कार्यकर्ता को लात मारी उसका नाम शेख अमद है। घटना के बाद अमद ने कहा है कि जो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, वह सही नहीं है। विरोधी दल दानवे के खिलाफ झूठी बातें फैला रहे हैं। शेख अमद ने कहा, दानवे साहेब और मेरी पिछले 30 साल से दोस्ती है। वह जैसे ही एयरपोर्ट से उतरते हैं मुझे फोन करते हैं कि कहां है, घर आजा साथ खाना खाते हैं। मेरे और उनके संबंध अलग तरह के हैं। लात मारने की घटना पर सफाई देकर अमद ने कहा, वे (रावसाहेब दानवे) घर से कपड़े बदलकर आए थे, उनकी शर्ट पीछे से अटकी हुई थी। मैंने उनके कान में कहा कि दादा आपकी शर्ट अटकी हुई है, लेकिन वह समझ नहीं पाए और उन्होंने शरीर को झटका।

## आज से विधानसभा सत्र, हुड्डा और सैलजा के बीच फंसी कांग्रेस, तय नहीं कर सकी नेता प्रतिपक्ष




**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में कांग्रेस की करारी हार के बाद भी गुटबाजी का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार से शुरू होने वाला हरियाणा विधानसभा का आगामी सत्र विपक्ष के नेता के बिना ही शुरू होगा। इसकारण है कि कांग्रेस ने अभी तक अपने विधायक दल के नेता की नियुक्ति नहीं की है। हरियाणा में कांग्रेस की लगातार तीसरी हार के बाद पार्टी की अंदरूनी स्थिति फिलहाल सही नहीं है। सिरसा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच गुटबाजी के कारण नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा में विलंब हो रहा है। वहीं पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के बाद इसकी घोषणा होगी।

इस मामले पर हुड्डा ने कहा है कि पार्टी हाईकमान फिलहाल चुनाव में व्यस्त है। उन्होंने कहा, हमारे वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में व्यस्त हैं। इसके पहले पार्टी अध्यक्ष उदयभान ने बालमुकुंद शर्मा को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है जिससे सियासी पारा और चढ़ता दिख रहा है। शर्मा ने दावा किया था कि सैलजा गुट के पांच बार के विधायक चंद्र मोहन और हुड्डा गुट से चार बार के विधायक अशोक अरोड़ा इस पद की दावेदारी पेश कर रहे थे।

हुड्डा और सैलजा के बीच की दरार पार्टी के लिए सिरदर्दी बनी हुई है। पार्टी हाईकमान को इन दोनों गुटों को संतुलित नहीं कर पा रहा है। इस बीच कांग्रेस ने राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन, छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा सहित वरिष्ठ नेताओं की एक टीम बनाई है जो विधायकों से इन पदों पर उनकी पसंद पर विचार विमर्श करेगी। खबरों के मुताबिक चर्चा के दौरान 37 में से 30 से अधिक विधायकों ने हुड्डा के पक्ष में समर्थन दिया था।

हुड्डा गुट के एक कांग्रेस विधायक ने कहा, विधायक दल का नेता और राज्य पार्टी अध्यक्ष को चुनने में जातिगत संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। 2007 से पार्टी अध्यक्ष पद पर दलित नेता (फूल चंद मुलाना, अशोक तंवर, सैलजा और उदय भान) काबिज हैं, जबकि हुड्डा और किरण चौधरी (अब भाजपा में) जैसे जाट नेताओं ने कांग्रेस विधायक दल का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा, हुड्डा 2005 से 2014 तक सीएम रहे और 2014 की हार के बाद किरण विधायक दल की नेता बनीं हालांकि घोषणा में देरी हुई। 2019 के चुनावों से ठीक पहले हुड्डा फिर से विधायक दल के नेता बने और तब से विधायक दल के नेता बने हुए हैं।

## नवंबर का माह आधा गुजरा गया, लेकिन सर्दी नहीं आई...नासा ने बात दी पूरी वजह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली गुजरे दो सप्ताह बीत चुके हैं। इसके बाद भी मौसम में गर्मी बनी हुई है। दिल्ली-एनसीआर, यूपी, हरियाणा, पंजाब, बिहार, राजस्थान सहित समूचे उत्तर भारत में ही तापमान औसत से अधिक है और बिना पंखा चलाए नींद नहीं आ रही है। आखिर इसकी वजह क्या है और कब से सर्दियों का आगमन होगा? इस पर अमेरिकी एजेंसी नासा ने जानकारी दी है कि इस साल का अक्टूबर महीना पूरे विश्व में ही औसतन 1.32 डिग्री अधिक गर्म रहा है। नासा का कहना है कि इस साल का अक्टूबर महीना 2023 के मुकाबले थोड़ा कम गर्म रहा है, लेकिन कुछ इलाकों में इसका उलट भी है।

भारत में अक्टूबर माह में गर्मी होने और अब तक ठंड न आ पाने का कारण पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है। इसके अलावा पूर्वी हवाओं का असर है, इसकारण बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि नवंबर का महीना हर साल के मुकाबले थोड़ा अधिक गर्म रहेगा, जबकि अल-नीना के सक्रिय होने के बाद भीषण सर्दी भी हो सकती है। मौसम जानकारों का कहना है कि नॉर्थ इंडिया में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा बना हुआ है। वास्तव में सर्दियों की शुरुआत दिसंबर मध्य से ही होगी।

मौसम की स्थिति यह है कि न्यूनतम तापमान अधिक है ही, अधिकतम टेम्परेचर भी 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। यूपी, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर या पंजाब ही नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में भी तापमान हर साल की तुलना में अधिक है। दिल्ली-एनसीआर में अब भी न्यूनतम तापमान 14 से 19 डिग्री सेल्सियस है, जबकि अधिकतम 30 से 32 डिग्री सेल्सियस है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ला-नीना के सक्रिय होने तक ऐसी ही गर्मी बनी रहेगी। संभावना है कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह तक शायद मौसम में गर्मी बनी रहेगी।

## अमेरिकी हथियार आंतकियों के पास... सुरक्षाबल के माथे पर चिंता की लकीर

**जम्मू (एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबल आतंकियों की सफाई में लगे हुए हैं। आए दिन मुठभेड़ में आतंकियों को ढेर कर रहे हैं। हालांकि आतंकियों के पास मिलने वाले हथियार सुरक्षाबलों के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। अखनूर में मुठभेड़ के दौरान मारे गए तीन आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 राइफल मिली हैं। अफगानिस्तान छोड़ते वक्त अमेरिकी फौज इस तरह के हथियार वहीं छोड़ गई थी। अब ये हथियार पाकिस्तान के रास्ते जम्मू-कश्मीर में पहुंच रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इस तरह के हथियार आतंकियों तक पहुंचाती है। इसके बाद आतंकवादी हथियार लेकर भारत में घुसपैठ करते हैं। चिंता की बात ये हैं कि इन राइफल में स्टील बुलेट का इस्तेमाल होता है जो कि ज्यादा नुकसान करती हैं। ये हथियार बख्तरबंद गाड़ियों और इमारतों को भी भेदने में कामयाब होते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि घुसपैठ करने वाले आतंकियों के पास एके 47 और एम4 कार्बाइन होती हैं। ये सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान पहुंचाती हैं। 2017 में पहली बार जम्मू-कश्मीर में एम4 राइफल मिली थी। सुरक्षाबलों ने जब आतंकी तल्हा राशिद महमूद को मारा था तब उसके पास से राइफल मिली थी। वह जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का भतीजा था। इसके बाद से कई आतंकी घटनाओं में एम4 गन का इस्तेमाल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ सीमा पर बहुत सारे आतंकियों का जमावड़ा है। वे लगातार भारत में घुसपैठ करने की कोशिश में हैं। बर्फबारी का फायदा उठाकर वे जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करना चाहते हैं। रिपोर्ट है कि पीओके में एक बैठक हुई थी जिसमें पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आतंकी संगठनों के सरगना भी मौजूद थे। इसमें भी आतंकियों को खतरनाक हथियार देने की बात हुई।



# पिछले 10 साल में भारतीय परिवारों ने शेयर बाजार से 1 ट्रिलियन डॉलर कमाए

**नई दिल्ली ।**

भारतीय परिवारों ने अपनी वित्तीय बैलेंस शीट में इक्विटी में सिर्फ 3 फीसदी निवेश किया है, जिसे विश्वस्तरीय निवेश बैंकिंग फर्म ने लेकर इस भाग में संभावित वृद्धि का संकेत दिया है। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार पिछले 10 सालों में भारतीय परिवारों ने शेयर बाजार से 1 ट्रिलियन डॉलर की कमाई की है, जिसमें से 11 फीसदी इक्विटी से आया है। अनुमान है कि पिछले दशक में भारतीय परिवारों ने 8.5 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति जोड़ी है, जिसमें से लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर इक्विटी से आया है।

इसके अलावा भारत में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप मार्च 2014 से बढ़कर अब 5.4 ट्रिलियन हो गया है। यह भारतीय बाजार को ग्लोबल स्तर पर पांचवे स्थान पर पहुंचा देता है। मॉर्गन स्टेनली के एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय परिवार अब भी इक्विटी में कम निवेश कर रहे हैं और वह आगे बढ़ सकती है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार गिरावट के काल में घरेलू बैलेंस शीट का केवल 3 फीसदी इक्विटी में निवेश किया गया है। दो दशकों में भारतीय शेयरों और अर्थव्यवस्था का व्यवहार दूसरे वित्तीय संकटों के मुकाबले स्थिर रहा है, जिससे भारतीय बाजार को टिकाऊ बनाता है।

दोबारा बैलेंस शीट में इक्विटी का हिस्सा बढ़ने की संभावना है। इस दौरान सोने और शेयरों के मेल की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिससे परिवारों को अच्छा रिटर्न मिला है। सोने की प्रतिष्ठा इतनी ही महत्वपूर्ण है कि घरेलू संपति में सोने की हिस्सेदारी बढ़ी है और इससे फायदा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से सोने और शेयरों ने भारत में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, जबकि प्रॉपर्टी की प्रदर्शन कम रही है। एक दशक में इक्विटी बचत में तेजी आई है और आने वाले समय में भी इक्विटी का हिस्सा बढ़ सकता है। यह विश्वस्तरीय निवेश को अच्छे संकेत की ओर देता है और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है।

# अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद बढ़ता जा रहा एसपीआईईएफ

**- एसपीआईईएफ का सालाना कार्यक्रम 2025 में होगा**

**नई दिल्ली ।**

सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकानॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने देशों के बीच जनता के सहयोग को मजबूत करने की दिशा में कारोबारियों की संख्या में वृद्धि का उल्लेख किया। अमेरिका और पश्चिमी देशों की रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद भारत-रूस व्यापार में वृद्धि की उम्मीदें निहित हैं। उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान 13,000 से बढ़कर अब 21,000 प्रतिभागी इस व्यापक मंच में शामिल हो गए हैं। भूराजनीतिक तनावों के बीच अमेरिका ने रूस पर और भारत के संबंधों में नये प्रतिबंध लगाने की कवायद की।

एसपीआईईएफ के माध्यम से भारत और रूस के बीच आगे के साथ 2030 तक 100 अरब डॉलर का व्यापार होने की उम्मीद जताई गई है। इस मंच के माध्यम से पिछले साल 6.5 अरब रूबल के सौदे किए गए हैं और इसमें भारत का महत्वपूर्ण स्थान है। भारत और रूस के बीच विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े कारोबार मजबूत हो रहे हैं, खासकर आईटी, ऊर्जा और रक्षा सेक्टर में।




एसपीआईईएफ का सालाना कार्यक्रम 2025 में होगा जहां इन मामलों पर चर्चा होगी और व्यापारिक सहयोग को और मजबूती दी जाएगी। अंत में निदेशक ने उत्कृष्ट भविष्य की प्रेरणा संकेत की और मंच को कारोबार और पारंपरिक संबंधों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण साधन मानने की भावना जताई।

# एफपीआई को एफडीआई में बदलना होगा आसान

## फेमा के मानदंडों के अनुसार एफपीआई निवेश की लागत में 10 फीसदी की सीमा निर्धारित




**नई दिल्ली ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए निर्धारित सीमा से अधिक इक्विटी होल्डिंग के अधिग्रहण के मामले में सरकार ने निवेश वाली कंपनियों से भी सहमति लेने की जरूरत घोषित की है। भारतीय रिजर्व बैंक और बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने इस बारे में गाइडलाइंस जारी की हैं। इस निर्देश के अनुसार एफपीआई द्वारा किए गए विदेशी निवेश को एक नए सिरे से वर्गीकृत करने के लिए एक संचालन फ्रेमवर्क लागू किया गया है। इसमें निर्धारित सीमा के उल्लंघन के मामले में कार्रवाई का उल्लेख है। फेमा (विदेशी मुद्रा कार्यक्रमा) के मानदंडों के अनुसार एफपीआई निवेश की लागत में 10 फीसदी की सीमा निर्धारित की गई है। इस सीमा के उल्लंघन पर एफपीआई को अपनी अतिरिक्त होल्डिंग्स को बेचने या एफडीआई में वर्गीकृत करने का विकल्प दिया गया है। इन सभी नियमों के तहत, ऐसे कार्यों के लिए पांच दिनों की समय सीमा होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इस नए संचालन फ्रेमवर्क से भारतीय कंपनियों में अधिक एफपीआई निवेश को बाधापूर्वक करेगा और सरकार को निवेश पर मंजूरी लेनी होगी। यह नियम भारतीय कंपनियों के लिए एफपीआई निवेश का मार्ग प्रशासित करेगा, लेकिन इसमें सीबीआईडीटी से कोई स्पष्टीकरण नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि इस निवेश को भी एफडीआई के तौर पर माना जाए। इसका मतलब है कि निवेश के बाद बिक्री पर टीडीएस देना होगा। इस तरह के क्षेत्रों में एफपीआई निवेश को एफडीआई में नए सिरे से वर्गीकृत करने की अनुमति नहीं होगी।

इस नए निर्देश के अनुसार एफपीआई निवेशकों को एफडीआई में अधिग्रहण करने के लिए सरकार से मंजूरी लेने की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही एफपीआई को अपने निवेश को एफडीआई में वर्गीकृत करने के इरादे को भी स्पष्ट करना होगा।

# शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद इक्विटी म्युचुअल फंड में निवेश उच्च स्तर पर

**- अक्टूबर में निवेश 22 फीसदी बढ़कर 41,887 करोड़ रुपये पर**

**नई दिल्ली ।**



शेयर बाजार में हाल के उतार-चढ़ाव ने निवेशकों को अक्टूबर महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) योजनाओं में महत्वपूर्ण निवेश करने से नहीं रोका। अक्टूबर के दौरान इन योजनाओं में निवेश 22 फीसदी के सर्वकालिक उच्च स्तर 41,887 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पहले किसी भी महीने में इक्विटी एमएफ में सबसे अधिक निवेश जून 2024 में 40,608 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। विशेषज्ञों ने कहा है कि बाजार में गिरावट के बीच, निवेशकों ने इक्विटी एमएफ योजनाओं में निवेश करने का अवसर जब्त कर लिया, जिससे इस सेगमेंट में रिकॉर्ड निवेश हुआ। बाजार के जानकारों के मुतोबिक अक्टूबर में बाजार में सुधार ने निवेशकों को अच्छा निवेश अवसर प्रदान किया। इक्विटी एमएफ सेगमेंट में लगातार 44वें महीने शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। उद्योग निकाय एएमएफआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में 25,323 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश किया गया, जबकि न्यू फंड ऑफर में 4,047 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ। वहीं एनएफओ में मजबूत आंकड़ों के कारण इस श्रेणी में मजबूत शुद्ध बिक्री के आंकड़े सामने आए। लार्ज-कैप उन्मुख योजनाओं में निवेश जारी है। अक्टूबर में लार्ज और फलेक्सी कैप फंड में कुल 8,633 करोड़ रुपये का निवेश किया गया, जबकि स्मॉल और मिड कैप फंड में 8,455 करोड़ रुपये का थोड़ा कम निवेश हुआ। अक्टूबर में शेयर बाजार में तेज गिरावट का कारण कंपनियों के निराशाजनक तिमाही नतीजे और अमेरिकी चुनावों से पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली थी। अक्टूबर में निफ्टी 50 6.2 फीसदी की गिरावट के साथ और सेंसेक्स 5.8 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# देश को पहला रंगीन टीवी देने वाले वेणुगोपाल बैंक खाते और शेयर भी होंगे जब्त

**- सेबी ने वेणुगोपाल को 15 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा था**

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार की निगरानी करने वाली संस्था भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने लगभग 68.5 लाख रुपये का बकाया वसूलने के लिए वेणुगोपाल धूत और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की प्रमोटर यूनिट इलेक्ट्रोपार्ट्स (इंडिया) के बैंक खातों, शेयरों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग को कुर्क करने का आदेश दिया है। इससे पहले सेबी ने 30 सितंबर को वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की प्रवर्तक इकाई इलेक्ट्रोपार्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड और इसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वेणुगोपाल धूत को नोटिस भेजा था। नोटिस में उन्हें वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग गतिविधियों के एक मामले में 15 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा गया था। धूत और इलेक्ट्रोपार्ट्स (इंडिया) के जुर्माने न देने पर ताजा कार्यवाही की गई। हाल ही में जारी दो कुर्की आदेशों में बाजार नियामक ने लंबित बकाया राशि की वसूली के लिए वेणुगोपाल धूत और इलेक्ट्रोपार्ट्स (इंडिया) के बैंक, डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग को जब्त करने का आदेश दिया है। कभी भारत के अमीरों की सूची में 61वें स्थान पर रहे वीडियोकॉन के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत लोन फ्रॉड केस में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं लेकिन अब उनकी कंपनी वीडियोकॉन दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। भारत में पहला कलर टेलीविजन पेश करने वाली वीडियोकॉन और इसके मालिक वेणुगोपाल धूत आईसीआईसीआई-वीडियोकॉन लोन फ्रॉड केस में आरोपी हैं। साल 1985 में वेणुगोपाल के पिता नंदलाल माधवलाल धूत ने वीडियोकॉन इंटरनेशनल की स्थापना की थी। कुछ ही सालों के अंदर यह कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और होम एप्लायंसेज में भारत की टॉप कंपनी बन गई। वेणुगोपाल की लीडरशिप में वीडियोकॉन का कारोबार खूब बढ़ा। भारत के अलावा वीडियोकॉन ने चीन, मैक्सिको, पोलैंड और इटली में भी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किए।

# एडीबी ने मालदीव को दिया 21.95 मिलियन डॉलर का ऋण-अनुदान

**- वित्तपोषण केज में चार मिलियन डॉलर का रियायती ऋण, 17.95 मिलियन डॉलर का अनुदान शामिल**

**मनीला ।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा कि उसने मालदीव की जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की क्षमता बढ़ाने और उसकी खाद्य प्रणालियों की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए 21.95 मिलियन डॉलर के वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दी है। एडीबी ने बताया कि वित्तपोषण केज में चार मिलियन डॉलर का रियायती ऋण और 17.95 मिलियन डॉलर का अनुदान शामिल है। मनीला स्थित बैंक ने कहा कि जलवायु लचीलापन और खाद्य सुरक्षा बढ़ाने वाली परियोजना, अड्डू शहर और माले में पूर्व चेतावनी प्रणालियों को उन्नत करके आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रति देश की स्थिति को मजबूत करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन उपायों से मालदीव मौसम सेवा को रियल टाइम मौसम निगरानी और अग्रिम चेतावनी प्रणाली स्थापित करने में मदद मिलेगी। यह परियोजना उत्तरी मालदीव के सबसे अधिक आबादी वाले द्वीप कुल्हुधुफ्फुशी को भी बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन में सुधार करने में मदद करेगी।




# कोका-कोला इंडिया के लाभ में 41.82 प्रतिशत की गिरावट

**- कंपनी का मुनाफा 2023-24 में 42 प्रतिशत घटकर 420.29 करोड़ रुपए**

**नई दिल्ली ।** कोका-कोला इंडिया ने अपने आर्थिक अंकड़ों की जानकारी जारी की है, जिसमें खुशखबरी और चुनौती दोनों शामिल हैं। प्रमुख पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपने लाभ में 41.82 प्रतिशत की गिरावट देखी है, जिससे लाभ 420.29 करोड़ रुपये रह गया है। इसी दौरान कोका-कोला इंडिया की कुल आय मार्च 2024 तक 4.24 प्रतिशत बढ़कर 4,713.38 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी ने कंपनी रजिस्ट्रार को इस विवरण की सूचना दी है। इसके साथ ही कंपनी की कुल वार्षिक आय मार्च 2024 तक 4.19 प्रतिशत बढ़कर 4,801.84 करोड़ रुपये हो गई है। कोका-कोला इंडिया के इन वित्तीय आंकड़ों के साथ कंपनी ने अपने कारोबार को माज़बूती से फिर से साबित किया है और विपक्षियों की नैतिक समर्थन को छूने की कौशल की सामर्थ्य साबित की है।

# सैजिलिटी इंडिया का शेयर 3.53 प्रतिशत उछाल के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली ।** भारत की स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं देने वाली भारतीय कंपनी सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड के शेयर का मंगलवार को एक महत्वपूर्ण उछाल देखने को मिला। इस उछाल के साथ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) दोनों पर इसका सूचीबद्ध होने का बड़ा जश्न मनाया गया। शेयर का मूल्य इस उछाल के बाद बीएसई पर 32.16 रुपये पर पहुंचा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 15,059.83 करोड़ रुपये रहा, जिसमें बढ़ोतरी के साथ नए निवेशकों की भागीदारी भी देखने को मिली। सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने बेंगलुरु स्थित कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में सफलता हासिल की और बड़े निवेशकों से 945 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए। आईपीओ के अंतिम दिन 3.20 गुना अभिदान मिलने के बाद नए और पुराने निवेशकों के बीच विश्वास को मजबूती मिली और बाजार में सुविधा और निवेश के लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में सैजिलिटी इंडिया का नाम सामने आया। कंपनी ने आईपीओ में 70.22 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश पर आधारित थी, जिसे मूल्य दायरा 28-30 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। इस उच्चारण में सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने एंकर निवेशकों से बड़ी रकम जुटाई, जिससे कंपनी के निर्माण में और भी प्रगति हो सकती है।

# इंडिगो ने बोइंग विमानों की वेट लीज अवधि बढ़ाने का काम शुरू किया

**- नागर विमानन मंत्रालय के साथ कर रही है काम**

**नई दिल्ली ।** भारतीय विमानन कंपनी इंडिगो ने नागर विमानन मंत्रालय के साथ मिलकर दो बोइंग 777 विमानों की वेट लीज अवधि बढ़ाने का काम शुरू किया है। इन विमानों का संचालन अब तक दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल तक की उड़ानों के लिए किया जा रहा है। इंडिगो की ओर से जारी बयान में बताया गया कि उसने मंत्रालय के साथ समाधान तलाशने के लिए काम शुरू किया है। नई दिल्ली के विमानन सूत्रों के मुताबिक इंडिगो को अभी तक वाईल्ड बॉडी विमानों की विमान पट्टे पर दी गई अवधि में विस्तार नहीं मिल पाया है। कंपनी की ओर से वेट लीज को बढ़ाने के साथ-साथ उनके चालक दल और भी जरूरतों को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इंडिगो ने घोषित किया कि 14 नवंबर तक इस्तांबुल के लिए दिल्ली और मुंबई से दो बोइंग 777 विमानों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा, 15 नवंबर से एयरलाइन अन्य मार्गों पर ए321 विमानों का संचालन भी करेगी। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी है और उसकी घरेलू बाजार में हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है। उसने अगले कुछ दिनों में और विमानों का परिचालन करने की योजना बनाई है ताकि यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा सके।




# शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 820 , निफ्टी 288 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच ही हर क्षेत्र में गिरावट हावी रहने से आई है। इससे बाजार पर जबरदस्त दबाव पड़ा और वह टूट गया। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार निकास और कंपनियों के कमजोरी तिमाही परिणामों से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1.03 फीसदी करीब 820.97 अंक की बड़ी गिरावट के साथ ही 78,675.18 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.2 फीसदी तकरीबन 288.80 अंक की गिरावट के साथ ही खिसक कर 23,852.50 के स्तर पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एनटीपीसी का शेयर सबसे ज्यादा 3.16 फीसदी गिरा। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, नेस्ले इंडिया, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलएंडटी, अल्ट्रा सीमेंट, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयर भी नीचे आये।

वहीं दूसरी और सनफार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टीसीएस के शेयर लाभ पर बंद हुए जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में कोई बदलाव नहीं आया।

बाजार जानकारों के अनुसार विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली और वैश्विक बाजारों से कमजोर रुझानों के बीच ही बाजार में ये गिरावट दर्ज की गीय।



अमेरिका को लेकर निवेशकों की चिंता से वैश्विक शेयर मंगलवार को दबाव में आ गए।

वहीं इससे पहल आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआत बढ़त के साथ हुई। इससे पहले लगातार तीन सत्रों से शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 250 अंक की बढ़त के साथ 79,746 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 ने 84.5 अंक की तेजी के साथ 24,225 पर कारोबार की शुरुआत की। वहीं एशियाई बाजारों में जापान का बाजार उछला जबकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया का बाजार नीचे आया। हांगकांग के फ्यूचर्स में गिरावट का संकेत मिला, जो चीनी प्रोत्साहन उपायों को लेकर निराशा का परिणाम था। कल रात अमेरिकी शेयर बाजार में मिला-जुला रुख रहा।

# एमेजॉन और फ्लिपकार्ट की जांच ने पकड़ी रफ्तार

**- अधिकारी हो सकते हैं तलब**

**नई दिल्ली ।**

ई-कॉमर्स से जुड़ी हाल ही में आई घटनाओं की रोशनी में अब फ्लिपकार्ट और एमेजॉन के विक्रेताओं पर आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारियों ने उनके खिलाफ गंभीर कार्रवाई की संभावना बढ़ा दी है। इस आरोप में उन्हें एक अवैध तरीके से विदेशी निवेश नियमों का उल्लंघन किया जाने का आरोप लगाया गया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक चल रही जांच में पाया गया कि दोनों कंपनियों ने कुछ चुनींदा विक्रेताओं को भंडार करने के लिए कानून का उल्लंघन किया है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि सरकार ने उन्हें वॉलमार्ट के निवेश वाली फ्लिपकार्ट और एमेजॉन पर नियामकीय जांच की दिशा में गंभीरता बढ़ाने का फैसला किया है। अब टूट पड़ी स्थिति में दोनों कंपनियों ने कहा कि वे सभी कानूनों का पालन कर रहे हैं, हालांकि सरकार ने यह दावा किया है कि इस तकनीक से विदेशी निवेश नियमों का उल्लंघन किया गया है। इस विवाद के बीच, विभिन्न स्तरों पर जांच की गई है और मामले की गहराई में झांकने की कार्रवाई की जा रही है। यह उत्थान आत्मविश्वास बढ़ाता है कि भारतीय ई-कॉमर्स बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है और सरकार स्पष्टीकरण के लिए कठिनाई बढ़ा रही है। निदेशालय ने कहा है कि छापेमारी की अदालती प्रक्रियाओं में पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों और लेनदेन के तरीकों की भी जांच करेगा। फ्लिपकार्ट और एमेजॉन के विक्रेताओं की भविष्य में क्या होगा, यह अब इंतजार करता है कि जांच प्रक्रिया कैसे प्रगति करती है और क्या उनके खिलाफ कोई आरोप साबित होता है। जनता के मन में यह प्रश्न खड़ा है कि क्या यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि आर्थिक अपराध इकाई के अधिकारियों की कार्रवाई निष्पादित होगी या नहीं।




# पर्यटन मंत्री ने 'चलो इंडिया' अभियान को बढ़ावा देने का किया आह्वान

**- भारतीय प्रवासियों की मदद से देश के पर्यटन स्थलों का प्रचार किया जाएगा**

**लंदन ।** पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों से 'चलो इंडिया' अभियान को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इसका मकसद है विदेश में रहने वाले भारतीयों को देश में मौजूद पर्यटन स्थलों की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करना। मंत्री ने विश्व यात्रा बाजार (डब्ल्यूटीएम) के दौरान 'चलो इंडिया' पहल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण पहल बताया। इसके अंतर्गत भारतीय प्रवासीयों की मदद से देश के पर्यटन स्थलों का प्रचार किया जाएगा। इस अभियान के तहत विदेशी मेहमानों के लिए निःशुल्क ई-पर्यटक वीजा की पेशकश भी की जा रही है। मंत्री ने कहा कि चलो इंडिया के साथ हम सब मिलकर दुनिया को विकसित भारत की भव्यता, गौरव तथा विकास गाथा का अनुभव कराएं। इस मुख्य घटना में उपस्थित भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने भी इस अभियान की महत्वपूर्णता को समझाया और सभी प्रवासी भारतीयों से एक अद्भुत भारत के राजदूत बनने का आमंत्रण दिया।

# एआई एक्सप्रेस ने बनाई इकॉनमी क्लास सीट पर अधिक ध्यान देने की योजना

**- एयर इंडिया एक्सप्रेस करीब 110 विमानों के बेड़े को बढ़ाएगा**

**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अप्रैल 2025 से इकॉनमी क्लास सीट पर अधिक ध्यान देने की योजना बनाई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने खुलासा किया कि कंपनी बिजनेस क्लास सीट वाले विमानों का पुनरीक्षण करने की योजना बना रही है और वंश ऑफरिंग में इकोनॉमी क्लास सीट के मामले में नए पहलु को लाना चाहती है। इस कदम के समर्थन में एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एआईएक्स कनेक्ट के साथ विलय किया है और प्लान किया है कि करीब 110 विमानों के बेड़े को बढ़ाएगा। विमानन कंपनी वर्तमान में बिजनेस और इकोनॉमी क्लास सीट देखभाल कर रही है और एप्रिल 2025 से बिजनेस क्लास सीट वाले विमानों का पुनरीक्षण शुरू करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस की इस पहल का मुख्य उद्देश्य है छोटे शहरों और कस्बों को महानगरों से जोड़ने के साथ-साथ नए अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानें चलाना। इससे उन्हें अधिक यात्राओं का पुश दिया जा सकेगा और यातायात का डोमेन बढ़ाने में मदद मिलेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक ने बताया कि यह कदम उनके उद्देश्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है और उनकी टीम छोटे और मझोले शहरों की यात्राओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के लिए तत्पर है।



## लोकेश कनगराज ने उठाया कुली की रिलीज डेट से पर्दा, फिल्म में आमिर खान के कैमियो पर भी तोड़ी चुप्पी

साउथ फिल्म निर्देशक लोकेश कनगराज इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली पर काम कर रहे हैं। फिल्म में सुपरस्टार रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच अब लोकेश ने अपनी फिल्म की रिलीज की तैयारियों पर बात की। साथ ही कुली को लेकर दिलचस्प अपडेट भी साझा किया है।

### अगले साल रिलीज होगी फिल्म

सुपरस्टार रजनीकांत अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली की शूटिंग इन दिनों चेन्नई में चल रही है। निर्देशक लोकेश कनगराज ने हाल ही में बताया कि फिल्म 2025 की गर्मियों में रिलीज होगी। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग 2025 की शुरुआत तक पूरी होने की उम्मीद है। निर्देशक ने सेट पर रजनीकांत के समर्पण और पेशेवर रवैये की प्रशंसा की, उनकी समय की पाबंदी और तैयारी को उनकी निरंतर सफलता की कुंजी बताया।

### आमिर खान के कैमियो पर दी जानकारी

कुली को एक आदर्श अखिल भारतीय फिल्म बताते हुए कनगराज ने वादा किया कि यह एक अभूतपूर्व एक्शन ड्रामा होगी, जो दर्शकों को आश्चर्यचकित कर देगी। उन्होंने पुष्टि की कि यह फिल्म किसी भी फ्रेंचाइजी का हिस्सा नहीं है। निर्देशक ने फिल्म में आमिर खान के कैमियो के बारे में अफवाहों पर भी टिप्पणी की और कहा कि आधिकारिक घोषणा प्रोडक्शन हाउस की ओर से की जानी चाहिए। इस बयान से प्रशंसकों में आमिर खान की संभावित संलिप्तता को लेकर शक की स्थिति पैदा हो गई है।

### एलयूसी पर भी दिया अपडेट

कुली के अलावा कनगराज ने लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स के लिए अपनी योजनाएं भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि उनका अगला निर्देशन कैथी 2 होगा, जिसका निर्माण अगस्त 2025 में शुरू होने की संभावना है। निर्देशक ने भविष्य में आमिर खान के साथ संभावित सहयोग का भी उल्लेख किया और कहा कि यदि सब कुछ ठीक रहा तो वह निश्चित रूप से उनके साथ काम करेंगे।



## परिणीति चोपड़ा ने बताया क्यों शुरू किया अपना यूट्यूब चैनल

बायोपिक फिल्म अमर सिंह चमकीला में नजर आने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अपना यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया है। उन्होंने पहले वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है कि हालांकि वो एक प्राइवेट पर्सन हैं फिर भी अब अपनी जिंदगी का हर पल शेयर करने को तैयार हैं। करीब 1 मिनट के इस वीडियो को उन्होंने कैप्शन दिया है- मेरा पहला यू ट्यूब वीडियो। जो कुछ उन्होंने कहा है उससे साफ है कि ये उनका डेली व्लॉग होगा। उन्होंने वीडियो में कहा, मैं हमेशा से ही एक बहुत ही प्राइवेट पर्सन रही हूं, भले ही मैं एक पब्लिक पर्सन हूं, मैं हर समय कैमरों के सामने रहती हूं। मैंने हमेशा कहा है कि मैं अपने जीवन का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही अपने सोशल मीडिया पर शेयर करती हूं।

### और मैं अब इसके लिए तैयार हूं

उन्होंने आगे बताया, अब मैं अपने जीवन में बहुत सारी चीजें करती हूं। मैं कुछ पागलपन भरे साहसिक काम करती हूं, मैं बहुत स्कूबा डाइविंग करती हूं, पढ़ती हूं और मैं हर समय गाती रहती हूं। मैं हर समय स्टूडियो में रहती हूं। आजकल मेरे जीवन में इतना कुछ हो रहा है कि मैंने सोचा कि अब समय आ गया है कि मैं अपने जीवन में जो कुछ भी करती हूं,वह सब अपने फैंस के साथ शेयर करूं, और मैं अब इसके लिए तैयार हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका यह फैसला उनके फैन्स को उनके जीवन में होने वाली घटनाएं देखने का मौका देगा।

### इसलिए अपना यूट्यूब चैनल खोलने का फैसला किया

उन्होंने आगे कहा, इसलिए मैंने अपना यूट्यूब चैनल खोलने का फैसला किया है। मैं बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मैं पूरे दिन जो करती हूं मुझे फैंस को उनके जवाब नहीं देने होंगे, आप उसे बस देख पाएंगे। मैं अपने चैनल का लिंक अपने बायो में डालूंगी और आइए साथ मिलकर इस नए अध्याय की शुरुआत करें। मैं आपका अपने जीवन में स्वागत करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। जल्द ही मिलते हैं।

### उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा

एक्ट्रेस ने यही वीडियो पहले इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें अपना चैनल शुरू करने के लिए किस बात ने प्रेरित किया।



## रोमांटिक फिल्म चांद मेरा दिल में अनन्या पांडे के साथ दिखेंगे लक्ष्य लालवानी

किल से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले लक्ष्य लालवानी बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे के साथ अपकमिंग रोमांटिक फिल्म चांद मेरा दिल में नजर आएंगे। अनन्या और लक्ष्य ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आने वाली फिल्म के कई पोस्टर शेयर किए। पोस्टर देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह फिल्म एक लव स्टोरी है। दोनों ने फिल्म के पोस्टर शेयर करते हुए पोस्ट को कैप्शन दिया, प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है. विवेक सोनी द्वारा निर्देशित चांद मेरा दिल 2025 में सिनेमाघरों में आ रहा है। विवेक सोनी ने 2021 में सान्या मल्होत्रा और अभिमन्यु दासानी अभिनीत मीनाक्षी सुंदरेश्वर का भी निर्देशन किया था। इस फिल्म का पोस्टर करण जौहर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। उन्होंने फिल्म को भावुक प्रेम कहानी बताया। उन्होंने लिखा, हमारे पास दो चांद हैं जो एक ऐसी गहरी और ऐसी भावुक प्रेम कहानी लेकर आने के लिए तैयार हैं जो पहले कभी नहीं देखी गई। प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है. चांद मेरा दिल में अनन्या पांडे और लक्ष्य मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का शीर्षक 1977 की फिल्म हम किसी से कम नहीं के गाने चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम से प्रेरित लगता है। इस गाने को मोहम्मद रफी ने गाया था। फिल्म में ऋषि कपूर, तारिक, काजल किरण, अमजद खान और जीनत अमान ने विशेष भूमिका निभाई थीं। अनन्या की बात करें तो उन्हें पिछली बार विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित स्क्रीनलाइफ थ्रिलर फिल्म सीटीआरएल में देखा गया था।





## मनीषा कोइराला हीरामंडी-2 को लेकर हैं खुश, कहा-अभिनय में नए आयाम तलाशना चाहती हूं

मनीषा कोइराला ने अपने अभिनय करियर में कई हिट और बेहतरीन फिल्में दीं। अचानक जब उनको कैंसर हुआ, तो मनीषा के करियर में ब्रेक लग गया। कैंसर से ठीक होने के बाद वह फिर से फिल्मों में सक्रिय हो गईं। उन्होंने अपनी जिंदगी के अलावा फिल्मों में भी नई पारी की शुरुआत की। अलग-अलग तरह के किरदार निभाने शुरू किए। इस साल रिलीज हुई संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में उनकी अदाकारी दर्शकों से लेकर आलोचकों तक को पसंद आई। अब वह हीरामंडी-2 में काम करने को लेकर खुश हैं, इस सीरीज को अपने लिए बहुत ही खास मानती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने हीरामंडी-2 और अपने आगे के करियर को लेकर बात की।


हीरामंडी-2 को मानती हैं बड़ा प्रोजेक्ट मनीषा हीरामंडी-2 के बारे में कहती हैं, यह मेरे लिए लाइफ टाइम का प्रोजेक्ट है। अभी मुझे नहीं पता है कि इस पर कब काम शुरू होगा। दरअसल, अभी तो संजय लीला भंसाली फिल्म लव एंड वॉर में व्यस्त हैं, इसके बाद ही वह हीरामंडी-2 पर काम करेंगे। मनीषा इस सीरीज के दूसरे पार्ट में काम करने का लेकर काफी उत्साहित हैं।

### चुनौतीपूर्ण किरदार करना चाहती हैं

मनीषा कोइराला आगे कहती हैं, कैंसर से ठीक होने के बाद मैं अपने जीवन का आनंद ले रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे काम करने और बेहतरीन किरदार करने का मौका मिल रहा है। मुझे अच्छे निर्देशकों के साथ भी काम करने का मौका मिला है। अब मैं चाहती हूं कि अभिनय में नए आयाम तलाश करूं। मैं चुनौती स्वीकार करना चाहती हूं। साइड रोल करने के लिए मैं उत्सुक नहीं हूं।

### पुरानी फिल्मों को लेकर बातें

मनीषा ने पिछले दिनों अपनी पुरानी फिल्मों को लेकर भी कई इंटरव्यू में बात की। इसमें दिल से और बॉम्बे जैसी फिल्में शामिल रहीं। दिल से के बारे में तो उन्होंने बताया कि इसमें शाहरुख का किरदार मरने वाला नहीं था, लेकिन बाद में फिल्म का अंत बदल दिया गया। वहीं बॉम्बे में काम करने के लिए भी उन्हें मना किया गया था, लेकिन मनीषा ने अपने मन की सुनी और इस फिल्म में निर्देशक मणिरत्नम के साथ काम किया। आगे चलकर उनका फैसला सही साबित हुआ और बॉम्बे फिल्म हिट साबित हुई।



## हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा लेकर रोमांचित हैं आयुष्मान खुराना

**बॉलीवुड के नामी अभिनेता आयुष्मान खुराना जल्द ही फिल्म थामा' में नजर आएंगे। इसे लेकर एक्टर काफी रोमांचित हैं। आयुष्मान ने कहा, मैं उत्साहित हूं कि दिनेश विजान को लगता है कि यह मेरे लिए उनकी ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी दुनिया में और थामा के रूप में प्रवेश करने का सबसे अच्छा समय है।**

आयुष्मान पहली बार किसी हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाले है। यह फिल्म 2025 में दिवाली पर रिलीज की जाएगी। यह फिल्म हॉरर कॉमेडी में प्रेम कहानी का तड़का लगाकर फिल्मी पर्दे पर एक नई शुरुआत करने जा रही है। इस फिल्म में आयुष्मान के साथ रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी दिखाई देंगे। आदित्य सरपोतदार ने नीरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा की पटकथा से इसका निर्देशन किया है, जबकि दिनेश विजान और अमर कौशिक ने इसका निर्माण किया है। अभिनेता ने हॉरर-कॉमेडी दुनिया में थामा की अनूठी स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने कहा, थामा हॉरर कॉमेडी दुनिया की पहली प्रेम कहानी है जो बेहद ही रोमांचक होने वाली है। यह एक 'खूनी' प्रेम कहानी होने का वादा करती है, जो दर्शकों को एक खास तरह का अनुभव देगी।

आयुष्मान ने आगे कहा, थामा एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो पूरी तरह से वाइल्ड कार्ड है, एक ऐसी फिल्म जिसे भारत में किसी ने नहीं देखा है। मैं इस फिल्म के सेट से जुड़ने और दिनेश और उनके दूरदर्शी साथियों की पूरी टीम जैसे अमर कौशिक, मेरे निर्देशक आदित्य सरपोतदार और प्रतिभाशाली लेखन नीरेन भट्ट के साथ काम करने को लेकर बेहद ही उत्साहित हूं। अभिनेता इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बेहद ही खुश है। खुराना ने कहा , दिनेश और मेरे पास एक समान जुनून है। 'थामा' हमारा दूसरा सहयोग है और यह इतना नया है कि मैं अगली दिवाली पर सिनेमाघरों में इसे देखने पर लोगों की प्रतिक्रिया का इंतजार नहीं कर सकता। यह फिल्म मैडॉक की हाल ही में आई स्त्री 2 और मुंज्या की सफलताओं के बाद आई है, जो हॉरर और कॉमेडी तत्वों के मिश्रण के लिए प्रोडक्शन हाउस की प्रतिष्ठा को और मजबूत करती है। अभिनेता ने कहा, थामा' मेरे लिए बेहद ही खास है। मुझे पता है कि मैं लोगों के लिए अपना दिल और आत्मा दे दूंगा, उम्मीद है कि वे इसे सर्वसम्मति से प्यार देंगे।



## धनुष की नई फिल्म डी55 का एलान अमरन के निर्देशक राजकुमार पेरियासामी के साथ मिलाया हाथ

अभिनेता-फिल्म निर्माता धनुष एक के बाद एक कई फिल्में साइन करने में लगे हुए हैं। अभिनेता के प्रशंसकों के लिए आज दोगुनी खुशी का दिन है। दरअसल, आज पहले अभिनेता की अगली निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया गया, जिसके बाद से प्रशंसकों ने उन्हें बधाई दी। वहीं, अब आज ही दोपहर को अभिनेता की नई फिल्म का भी एलान हुआ है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है।

8 नवंबर को धनुष की 55वीं फिल्म का एलान हुआ। प्रोडक्शन हाउस गोपुरम फिल्म्स ने धनुष के साथ अपनी अगली फिल्म की घोषणा की। इस पहले खबरें आ रही थीं कि धनुष अमरन के निर्देशक राजकुमार पेरियासामी के साथ एक फिल्म के लिए हाथ मिलाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आखिरकार अब इस खबर पर निर्माताओं ने मुहर लगा दी और धनुष के साथ नई फिल्म का एलान किया। निर्देशक राजकुमार पेरियासामी इन दिनों अमरन की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। अब उन्होंने एक नई तमिल फिल्म के लिए अभिनेता-फिल्म निर्माता धनुष के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। फिल्म को अस्थायी रूप से डी55 कहा जा रहा है और इसे गोपुरम फिल्म्स द्वारा निर्मित किया गया है।

आगामी फिल्म में राजकुमार पहली बार धनुष के साथ सहयोग कर रहे हैं। फिल्म का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को निर्माता, अभिनेता और निर्देशक की उपस्थिति में हुआ। फिल्म निर्माता वेत्रिमारन ने भी समारोह में भाग लिया।

फिल्म के कलाकारों और क्रू के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही घोषित होने की उम्मीद है। धनुष-राजकुमार फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा अभी बाकी है। इस बीच, राजकुमार अमरन की सफलता से खुश हैं, जो वर्तमान में सिनेमाघरों में चल रही है। इस फिल्म में शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में हैं, और यह दिवंगत मेजर मुकुंद वरदराजन की बायोपिक है। फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा है, आलोचकों ने भी इसकी प्रशंसा की है और व्यावसायिक सफलता भी मिली है।

### धनुष की आने वाली फिल्में

धनुष को आखिरी बार रायन में देखा गया था, एक ऐसी फिल्म जिसमें उन्होंने अभिनय और निर्देशन किया था। यह फिल्म फिलहाल प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। इसके अलावा, अभिनेता के पास अरुण मथेश्वरन द्वारा निर्देशित इलैयाराजा की बायोपिक और उनकी अगली निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई भी है। नित्या मेनन के साथ उनकी यह फिल्म अप्रैल 2025 में रिलीज होने वाली है। साथ ही धनुष फिल्म निर्माता शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित तेलुगु-तमिल फिल्म कुबेर में भी नजर आएंगे। फिल्म में अभिनेता नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना, जोम सर्भ और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## नागा चैतन्य, साई पल्लवी अभिनीत थंडेल 7 फरवरी 2025 को होगी रिलीज

युवा सम्राट नागा चैतन्य अभिनीत और चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म थंडेल अपनी रिलीज के लिए तैयार है। प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत बनी वास द्वारा निर्मित और अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत, फिल्म का निर्माण पूरा होने वाला है, और निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। थंडेल 7 फरवरी 2025 को स्क्रीन पर आएगी। यह रिलीज वैलेंटाइन डे से ठीक पहले फिल्म को रणनीतिक रूप से स्थान देती है, जिससे इसे सीजन के रोमांटिक मूड का लाभ उठाने का सही मौका मिलता है। रिलीज की तारीख के पोस्टर में मुख्य जोड़ी, नागा चैतन्य और साई पल्लवी के बीच शानदार केमिस्ट्री को दिखाया गया है, जो एक सुरम्य समुद्री पृष्ठभूमि पर सेट है। पोस्टर में युगल को एक स्नेही आलिंगन में दर्शाया गया है, जो उनके पात्रों के बीच प्यार के गहरे सागर का संकेत देता है। फिल्म ने पहले ही काफी चर्चा बटोरी है, टीजर और पोस्टर को असाधारण प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

